

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख कृष्ण 7 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 204 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ कैसे सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते स्ट्रा

शिल्पा शेट्टी को आई 90 के दशक की याद 6


विधानसभा चुनाव 2026

# एक बजे तक केरल में 60% केरल व पुडुचेरी में 50% मतदान

## केरल, असम और पुडुचेरी में मतदान जारी, 1,899 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला



**नई दिल्ली :** केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। असम में विधानसभा की 126 सीटों, केरल में 140 सीटों और पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। एक ही चरण में हो रहे इन विधानसभा चुनावों में गुरुवार सुबह अपना वोट डालने के लिए मतदाता मतदान केंद्रों के बाहर कतारों में खड़े नजर आए।

केरल में 883 उम्मीदवार मैदान में हैं, यानी प्रति सीट औसतन छह से सात प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि, बागी और निर्दलीय उम्मीदवारों के शामिल होने से कई निर्वाचन क्षेत्र चुनावी मैदान में बदल गए हैं। मतदाताओं की संख्या 27 लाख है, जो 30,000 से अधिक मतदान केंद्रों में फैले हुए हैं। चार क्षेत्रों- पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यानम से मिलकर बने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में कुल 9.50 लाख से ज्यादा वोटर हैं। इनमें से 24,919 वोटर पहली बार वोट डालेंगे। कुल 294 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। असम विधानसभा चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 59 महिलाएं शामिल हैं। असम में लगभग 25.05 मिलियन पंजीकृत मतदाता हैं जो इन चुनावों में हिस्सा लेने के योग्य हैं। राज्य ने वोटिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 31,490 मतदान केंद्र बनाए हैं। 126 सदस्यों वाली असम विधानसभा के लिए यह चुनाव बेहद अहम है, जिसमें भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में है, जबकि कांग्रेस को सरकार में वापसी की उम्मीद है। यह चुनाव 2023 में इस पूर्वोत्तर राज्य में हुए परिसीमन के बाद पहला चुनाव होगा।

केरल की 140 विधानसभा सीटों पर चुनावों में तीन गठबंधनों के बीच मुकाबला है, जिसमें एलडीएफ, यूडीएफ और एनडीए आमने-सामने हैं। केरल का लेफ्ट फ्रंट लगातार पांचवीं बार सत्ता में आने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। हालांकि, इस बार माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ के सामने सत्ता को बरकरार रखने की चुनौती है, क्योंकि कांग्रेस नीत यूडीएफ और भाजपा नीत एनडीए उसे कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। इस केंद्र शासित प्रदेश में अभी ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में है, जिसकी कमान मुख्यमंत्री एन। रंगासामी के हाथों में है और जिसे भाजपा का समर्थन प्राप्त है।

बीच सड़क गुंडागर्दी का नंगा नाच

## थार सवार युवकों ने तीन कंडक्टर पर चाकुओं से किया जानलेवा हमला

**धर्मशाला:** बीड बिलिंग से दिल्ली जा रही निजी बसों के साथ थार सवार युवकों द्वारा मारपीट और खूनी संघर्ष का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला भवारना थाना के अंतर्गत थुरल मार्ग पर चूल्हा के पास का है, जहां एक काली थार के सवारों ने न केवल सड़क पर हुड़दंग मचाया, बल्कि बीच-बचाव करने आए तीन अलग-अलग बसों के कंडक्टरों पर चाकू से जानलेवा हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया है। ?मिली जानकारी के अनुसार रियो बस प्रो बीड बिलिंग से दिल्ली की ओर जा रही थी। इसी दौरान थार गाड़ी बस के आगे आकर बाधा उत्पन्न करने लगी। चूल्हा के समीप थार चालक ने अचानक सड़क के बीचों-बीच गाड़ी रोककर उसे पीछे की ओर (रिवर्स) कर दिया, जिससे वह सीधे रियो बस से टकरा गई। जब बस का कंडक्टर इस घटना का कारण पूछने नीचे उतरा, तो थार सवार एक युवक ने अचानक चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया।

हैरानी की बात यह रही कि पीछे से आ रही लक्ष्मी बस और राम दलाल बस के कंडक्टर जब अपने साथी की मदद के लिए आगे आए, तो हमलावर ने उन पर भी रहम नहीं किया और बारी-बारी से तीनों पर चाकू से वार कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के बीच एक युवक ने गाड़ी से पिस्तौल निकालकर हवा में लहराना शुरू कर दिया और वहां मौजूद लोगों को जान से मारने की धमकियां दीं।

स्थानीय दुकानदारों की सूचना पर एसएचओ भवारना की अगुवाई में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को काबू किया। पुलिस ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए डॉ। आरपीजीएमसी टांडा भेजा है।

उधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर का कहना है कि पुलिस ने इस संदर्भ में एफआईआर 58/26 दर्ज कर ली है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 115(2), 351(2), 118(1), 352, 3(5), 109(1) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

सुप्रीम कोर्ट में तीसरे दिन बोली सरकार

## 2018 के फैसले में पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा



**नई दिल्ली:** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित था कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं को निचले स्तर पर रखा गया।

सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा को लेकर व्यापक सवाल उठाए गए हैं।

केंद्र सरकार की दलीलः केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला किसी एक लिंग के पक्ष या विपक्ष का नहीं है, बल्कि धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि देश में ऐसे कई मंदिर हैं जहां पुरुषों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध है या उन्हें विशेष परंपराओं का पालन करना पड़ता है। परंपरा और आस्था का तर्कः सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि केरल केकोट्टनकुलंगरा श्री देवी मंदिर में पुरुष पारंपरिक रूप से महिलाओं की तरह साड़ी पहनकर पूजा करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और धार्मिक मान्यताओं का हिस्सा है। केंद्र का कहना है कि हर धार्मिक स्थल की अपनी अलग परंपराएं होती हैं, जिन्हें एक ही नजरिये से नहीं देखा जा सकता।



## बिजली सब स्टेशन पर पीएलएफआई के नाम से फेंका पर्चा, लिफाफे में लटकाया जिंदा कारतूस,हड़कंप

**रांचीः** धुर्वा स्थित बिजली सब स्टेशन पर बदमाशों ने एक लिफाफा फेंका है। इसकी सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। वहां काम करने वाले कर्मचारी दहशत में आ गए है। लिफाफे के साथ बदमाशों ने एक जिंदा कारतूस को भी लटका दिया है।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह कर्मचारियों ने बिजली सब स्टेशन पर एक लिफाफा फेंका हुआ देखा। लिफाफे के साथ एक कारतूस चिपका हुआ था और लिफाफे पर प्रतिबंधित संगठन पीएफएफआई लिखा हुआ था। लिफाफे पूरी तरह से भींगा हुआ था। इसकी सूचना फौरन ही पुलिस को दी गई। धुर्वा थाना पुलिस सूचना मिलने के बाद बिजली सब स्टेशन पहुंची और जांच शुरू कर दी।

बंगाल में चुनावी रैली में संबोधन के दौरान पीएम मोदी बोले-

## टीएमसी ने युवाओं के साथ की गद्दारी



**नई दिल्ली:** पीएम मोदी आज एक ही दिन में तीन बड़ी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद पीएम मोदी का यह दूसरा बंगाल दौरा है।पीएम ने मेदिनीपुर के औद्योगिक शहर हल्दिया से अपने दौरे की शुरूआत कर रहे हैं। इसके बाद वे आसनसोल के पोलो ग्राउंड और अंत में बीरभूम जिले के सूरी में विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

हल्दिया में मछुआरा समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा मछली और झींगे के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' चला रही है, लेकिन बंगाल की सरकार को इस योजना के नाम में लगा 'पीएम' शब्द पसंद नहीं है। वे नाम की राजनीति के चक्कर में बंगाल के मछुआरों का नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि एनडीए सरकार की नीतियों के कारण बिहार अब मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बन चुका है और दूसरे राज्यों को भी सप्लाई कर रहा है। युवाओं के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल के युवाओं के भविष्य के साथ गद्दारी की है। पीएम ने कहा कि हल्दिया कभी रोजगार का केंद्र था, लेकिन आज यहाँ के युवा काम की तलाश में ओडिशा और अंडमान जा रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में उद्योग धंधे बंद हो गए हैं और उनके स्थान पर 'घुसपैठियों की फैक्ट्री' फल-फूल रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियां युवाओं के बजाय घुसपैठियों को दी जा रही हैं। ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जो हाल पिछली बार नंदीग्राम में हुआ था, इस बार वही भवानीपुर में होने जा रहा है। उन्होंने इस चुनाव को केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बंगाल की 'भव्यता' और 'शान' को वापस लाने की लड़ाई करार दिया।

# लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें,राष्ट्रीय शोक का ऐलान

## सीजफायर और जंग साथ नहीं चल सकतेः ईरान



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसीः** इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।

हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि यह हमला 2 मार्च से शुरू किए गए उनके नए सैन्य ऑपरेशन के बाद लेबनान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। सेना के मुताबिक, इसमें हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा कमांड सेंटर और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान अमेरिका-ईरान सीजफायर का हिस्सा नहीं है। वहीं, मध्यस्थ पाकिस्तान का कहना है कि इस सीजफायर में लेबनान भी शामिल है। दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि लेबनान इस समझौते से अलग है और इसका हिस्सा नहीं है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका को तय करना होगा कि वह सीजफायर लागू करता है या इजराइल के जरिए जंग जारी रखता है, क्योंकि दोनों साथ नहीं चल सकते।

रिपोर्ट- ईरान होर्मुज से गुजरने वाले टैंकरों पर 1 डॉलर प्रति बैरल टोल लगाया

ईरान होर्मजु स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के जहाजों से हर बैरल पर 1 डॉलर टैक्स लेने की योजना बना रहा है। ईरान यह भुगतान क्रिप्टोकरेंसी में चाहता है। यह खबर फाइनेंशियल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से दी है।

ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले हर जहाज पर नजर रखेगा और कंट्रोल करेगा। जहाजों को पहले अपने माल (कार्गो) की जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। ईरान के अधिकारी हामिद होसैनी ने कहा कि यह इसलिए किया जा रहा है ताकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों तक दो हफ्तों में हथियारों की आवाजाही न हो सके। उन्होंने कहा कि जहाजों को जाने दिया जाएगा, लेकिन प्रोसेस में समय लग सकता है क्योंकि ईरान किसी जल्दी में नहीं है।



## ट्रंप बोले- समझौता होने तक ईरान के आस-पास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज, विमान

**वॉशिंगटनः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर रूप ले सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस बात पर कायम है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला तथा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह से सतर्क है।

# खूंटी में अंजुमन इस्लामिया चुनाव 3 मई को, नामांकन आज से शुरू

संवाददाता

**खूंटी:** अंजुमन इस्लामिया इंतेखाब कमिटी, खूंटी: की ओर से वर्ष 2026-29 के लिए अंजुमन इस्लामिया के विभिन्न पदों पर चुनाव की घोषणा कर दी गई है। कमिटी द्वारा जारी सूचना के अनुसार 03 मई 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उसी दिन नमाज-ए-मगरिब के बाद मतगणना की जाएगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

चुनाव प्रक्रिया के तहत पर्चा खरीदने और पर्चा दाखिल करने की तिथि 09 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 13 अप्रैल 2026 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 अप्रैल 2026 को नाम वापसी की तिथि तय की गई है, जबकि 15 अप्रैल 2026 को उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। कमिटी ने बताया है कि इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र खरीदकर और भरकर अंजुमन इस्लामिया इंतेखाब कमिटी, खूंटी: के दफ्तर (जामा मस्जिद, खूंटी:) में जमा करेंगे। चुनाव से संबंधित अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कमिटी के सदर, नायब सदर और सेक्रेटरी से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए संपर्क नंबर जारी किया गया है।

सदर: 9708645758
नायब सदर: 6200312543
सेक्रेटरी: 8102341612

अंजुमन इस्लामिया इंतेखाब कमिटी, खूंटी ने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए आवश्यक योग्यताएं और शर्तें भी जारी की हैं।

कमिटी के अनुसार उम्मीदवार का खूंटी एनएसी का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है और वह कम-से-कम 30 वर्षों से खूंटी में रह रहा हो।

सदर और नायब सदर पद के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 35 वर्ष तय की गई है। वहीं सेक्रेटरी, नायब सेक्रेटरी और खजांची पद के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए।

इसके अलावा उम्मीदवार की समाज में अच्छी पकड़, सामाजिक कार्यों में रुचि, तथा अंजुमन खूंटी के अधीन किसी भी कमिटी पर किसी प्रकार की लेनदारी या देनदारी नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार किसी असामाजिक गतिविधि के कारण अदालत से सजायाफ्ता नहीं होना चाहिए और वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। कमिटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि उम्मीदवार शराब, जुआ या इस्लाम में हराम एवं नाजायज मानी जाने वाली गतिविधियों का समर्थक नहीं होना चाहिए।

चुनाव के लिए नामांकन शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

सदर / नायब सदर पद के लिए 1500 रुपये

अन्य पदों के लिए 1000 रुपये शुल्क तय किया गया है।

अंजुमन इस्लामिया खूंटी के इस चुनाव को लेकर स्थानीय मुस्लिम समाज में उत्साह देखा जा रहा है। चुनाव के जरिए अगले तीन वर्षों के लिए संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

# असम चुनाव से पहले देवघर पहुंचे सीएम सरमा मंदिर में की पूजा, निशिकांत दूबे रहे साथ

संवाददाता



**देवघर :** असम विधानसभा चुनाव के तहत 9 अप्रैल को होने वाले मतदान से ठीक पहले असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा सरमा देवघर पहुंचे। उनके इस दौरे को चुनाव पूर्व धार्मिक आस्था से जोड़कर देखा जा रहा है। देवघर एयरपोर्ट पर उनके आगमन पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

एयरपोर्ट से निकलने के बाद मुख्यमंत्री, गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के साथ सीधे ठाकुरबाड़ी सत्संग आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुदेव से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कुछ समय आध्यात्मिक चर्चा में बिताया। इसके बाद वे बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और आम श्रद्धालुओं की आवाजाही को भी नियंत्रित किया गया। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री सांसद निशिकांत दुबे के आवास पर पहुंचे, जहां उनके लिए भोजन का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री सीधे देवघर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। पूरे दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, चुनाव से पहले इस तरह के धार्मिक दौरे मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश देने की रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं।

रूढ़िजन्य व्यवस्था लागू करने की मांग

# पूर्व पंचायती राज निदेशक ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता



**खूंटी:** जिले में ग्राम सभा के संचालन को रूढ़िवादी परंपरा और प्रथागत कानून के अनुरूप लागू करने की मांग को लेकर पूर्व पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने बुधवार को सैकड़ों रूढ़िवादी जनजातीय लोगों के साथ समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त आर. रॉनिटा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा और जनजातीय बहु-स्तरीय व्यवस्था में केवल पारंपरिक रीति-रिवाजों और रूढ़िजन्य व्यवस्था को मानने वाले जनजातीय लोगों को ही पदाधिकारी बनाए जाने की मांग उठाई। साथ ही, पेसा कानून में कथित बदलाव और उसके गलत अनुप्रयोग के विरोध में आंदोलन शुरू करने की भी चेतावनी दी।

इस दौरान निशा उरांव ने धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को ग्राम सभा अथवा पारंपरिक जनजातीय संस्थाओं में पदाधिकारी बनाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था प्रथागत कानून दिशा एक्ट 1996 तथा संवैधानिक प्रावधानों की मूल भावना के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा या जनजातीय बहु-स्तरीय व्यवस्था केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि एक पारंपरिक सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक संस्था है, जो रूढ़िवादी प्रथाओं और प्रथागत कानूनों पर आधारित है। ऐसे में जिन लोगों का पारंपरिक धर्म, संस्कृति और रीति-रिवाजों से जुड़ाव नहीं है, उन्हें इन संस्थाओं का नेतृत्व सौंपना उचित नहीं है।

निशा उरांव ने कहा कि वर्तमान में कुछ ऐसी प्रवृत्तियां सामने आ रही हैं, जो परंपरागत व्यवस्था को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को रूढ़िवादी परंपराओं का पालन नहीं है, उन्हें पदाधिकारी बनाया जा रहा है, जबकि पेसा कानून का उद्देश्य पारंपरिक जनजातीय संरचना और अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोग समाज से जुड़े सामान्य प्रशासनिक या सामाजिक फैसलों में भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन धर्म, संस्कृति और परंपरा से जुड़े निर्णय सुनाने का नैतिक और सामाजिक अधिकार उन्हें नहीं है। इस मौके पर विभिन्न मौजा और क्षेत्रों के पड़हा राजा, रूढ़ी जनजातीय समुदाय के कई जिलों के अगुवा और बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। सभा के दौरान पारंपरिक जनजातीय व्यवस्था की रक्षा और ग्राम सभाओं को मूल स्वरूप में संचालित करने की मांग जोर-शोर से उठाई गई।

झारखंड में बदला मौसम

# 14 जिलों में आंधी, बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना



संवाददाता

**रांची:** झारखंड में मौसम का मिजाज इन दिनों बदला हुआ है। राज्य के कई जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना बनी हुई है, जिसके चलते मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के ऊपर बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन 9 अप्रैल को भी सक्रिय रहेगा। इसकी वजह से गुरुवार को राज्य के 14 जिलों में बारिश हो सकती है।

40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी तेज हवा : इन जिलों में रांची, खूंटी, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही वज्रपात (बिजली गिरने) का खतरा भी है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि अगले तीन दिनों तक रांची सहित कई जिलों में तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन 12 अप्रैल के बाद गर्मी बढ़ने की संभावना है और कुछ जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

सरायकेला में सबसे ज्यादा 36.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज: तापमान के आंकड़ों की बात करें तो बुधवार को सरायकेला में सबसे ज्यादा 36.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं बोकारो में सबसे ज्यादा 19.4 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा लातेहार में 13 मिमी और रांची में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। राज्य में बीते मंगलवार देर रात से शुरू हुई बारिश बुधवार दोपहर तक रांची, बोकारो और लातेहार समेत कई जिलों में जारी रही। इस दौरान रांची के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई।

वहीं, जमशेदपुर के डिमना इलाके में बारिश के दौरान एक दुखद घटना सामने आई। यहां एक युवक की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा था, तभी उस पर बिजली गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# गैस एजेंसी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, कर्मियों की पिटाई



**चतरा:** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सीजफायर से थोड़ी राहत भले ही मिली हो लेकिन उससे देश में उत्पन्न गैस संकट की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय स्तर पर भी सिलेंडर वितरण में अनियमितताओं के मामले सामने आने लगे हैं। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड में संचालित इंद्रप्रस्थ एचपी गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप लगे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी की लापरवाही और कथित मिलीभगत के कारण उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जबकि उनके नाम पर बगैर ओटीपी फर्जी बुकिंग और डिलीवरी की जा रही है। जब उपभोक्ता एजेंसी कर्मियों से फर्जीवाड़े पर सवाल पूछ रहे, तो हंगामा खड़ा हो जाता है। ऐसे ही एक मामले ने उस समय अचानक तूल पकड़ लिया जब प्रतापपुर में संचालित एजेंसी के कर्मी हंटरगंज प्रखंड में सिलेंडर वितरण करने पहुंचे। घंटों से सिलेंडर के आस में लाईन लगाए बैठे उपभोक्ताओं और एजेंसी कर्मियों के बीच विवाद बढ़ गया। और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उपभोक्ताओं नें एजेंसी कर्मियों की सिलेंडर और लात-मुक्को से धुनाई कर दी। जिसके बाद सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन उपभोक्ताओं में आक्रोश बना हुआ है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने महीनों से गैस सिलेंडर नहीं लिया, इसके बावजूद उनके उपभोक्ता नंबर पर सिलेंडर की बुकिंग और डिलीवरी दर्ज दिखाई जा रही है। कई लोगों ने बताया कि छह महीने से लेकर एक साल तक उन्होंने गैस नहीं ली है, फिर भी रिकॉर्ड में एजेंसी द्वारा कालाबाजारी कर नियमित डिलीवरी दर्शाई जा रही है। इससे उन्हें मिलने वाली सब्सिडी का लाभ भी प्रभावित हो रहा है। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने जब गैस बुक की, तो बिना ओटीपी साझा किए ही सिलेंडर डिलीवर दिखा दिया गया। जब वे एजेंसी पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि गैस पहले ही उनके नाम पर वितरित की जा चुकी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह सुनियोजित तरीके से की जा रही कालाबाजारी है, जिसमें एजेंसी के कर्मचारी और संचालक शामिल हैं, यहां आम लोगों को गुमराह किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक ओर सरकार और जिला प्रशासन गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इस तरह की अनियमितताएं व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। घटना के बाद उपभोक्ताओं ने प्रशासन से एजेंसी की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए एजेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एजेंसी संचालक ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि गैस वितरण पूरी तरह ओटीपी प्रक्रिया के तहत ही किया जा रहा है। संचालक नें मारपीट की घटना की जानकारी से भी इंकार किया है।

## गैस की कालाबाजारी पर आपूर्ति विभाग ने लिया एक्शन

**चतरा:** जिले के संचालित गैस एजेंसियों पर लगे गंभीर आरोपों के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएसओ ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहराई से जांच की जाए। साथ ही उन्होंने आम उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि यदि कहीं भी गैस वितरण में गड़बड़ी या कालाबाजारी की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। नीतू सिंह ने कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन यदि कहीं भी अनियमितता या कालाबाजारी पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति पदाधिकारी ने कहा है कि सिलेंडर डिलीवरी में गड़बड़ी की शिकायतों की लगातार जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से



**मुरी:** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है । ग्रामीण क्षेत्र की इच्छुक बेरोजगार महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहती हैं वे रूडसेट संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतःनिःशुल्क होगा। प्रशिक्षण लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि फोटो कॉपी डाक्यूमेंट साथ में लाना आवश्यक है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7820953480, 9523381187,9308544400,7370885508,

# मारदु में नौ दिवसीय चैत्र महोत्सव का शुभारंभ

**मुरी:** स्वर्ण रेखा नदी किनारे बसे मारदु गांव में नौ दिवसीय चैत्र महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य रूप से सुदेश महतो उपस्थित रहे। मारदु के प्रांगण में राम मन्दिर, शिव का विशाल मंदिर, बजरंग बली का मंदिर में सैकड़ों श्रध्दालुओं ने मथा टेक कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। धार्मिक स्थल पर दिन भर श्रध्दालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही।

# कुंदा के जंगलों में चल रही भट्टी ध्वस्त 1000 किलो जावा महुआ नष्ट

**चतरा।** जिले में अवैध शराब के काले कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। कुंदा थाना क्षेत्र के बरवाडीह जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब की भट्टी को ध्वस्त कर दिया है। प्रशासन की इस सक्रियता से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह गांव के समीप घने जंगल में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 200 लीटर तैयार शराब और 1000 किलो महुआ जावा बरामद किया गया, जिसे टीम ने तुरंत नष्ट कर दिया। शराब बनाने के उपकरणों को भी मौके पर ही तोड़ दिया गया। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही कारोबारी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। उत्पाद विभाग के सब-इंस्पेक्टर आशीष पांडेय ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




संवाददाता

**चतरा:**उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी कीर्तिश्री के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल, चतरा में किया गया। यह प्रशिक्षण 08 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी 12 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर परिषद चतरा के कार्यपालक पदाधिकारी तथा विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 37 फील्ड ट्रेनर्स भाग ले रहे हैं।प्रतिभागियों को जनगणना 2027 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्य डीआरडीए निदेशक सह मास्टर ट्रेनर अलका कुमारी एवं जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची से आए जिला समन्वयक सन्नी आनंद द्वारा संपादित किया जा रहा है। इस दौरान चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं एवं नीतियां निर्धारित होती हैं। अतः सभी कार्यों को गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ त्रुटिरहित ढंग से संपादित किया जाना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जिज्ञ-ासा होने पर प्रशिक्षकों से तत्काल समाधान प्राप्त करें, ताकि क्षेत्र में कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों के उपयोग, मोबाइल आधारित डेटा संकलन प्रणाली एवं कार्य निष्पादन की बारीकियों को विस्तार से समझाया जा रहा है। साथ ही व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस बार की जनगणना प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी। टैबलेट एवं मोबाइल आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे सूचनाओं का संग्रहण अधिक तेजी, सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ संभव होगा। साथ ही आम नागरिकों को मोबाइल एवं कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत संबंधित अधिकारी अपने-अपने प्रखंडों में प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपादित करेंगे। आम जनता से भी अपील की गई कि वे सही एवं सटीक जानकारी प्रदान कर जनगणना को सफल बनाने में सहयोग करें।



# सड़क पर मिट्टी बनी जानलेवा,आवागमन में हो रही परेशानी

**चतरा:** हंटरगंज प्रखंड के लेंजवा पंचायत के अकौना स्थित पंचायत मुख्यालय लेंजवा, सागासोत, नौकाडीह, बेलवाटाड़ और चिरैयाटांड़ गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग पर आवागमन मुश्किल हो गया है। एक व्यक्ति की कथित लापरवाही के कारण सड़क पर मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव के शिववचन यादव के द्वारा घर में मिट्टी भरने के लिए सड़क पर गिराया गया था। लेकिन हल्की बारिश के कारण यह मिट्टी अब कीचड़ में बदल गई है, जिससे लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है। लेंजवा मुखिया योगेंद्र यादव और पंचायत समिति विनोद यादव सहित दर्जनों स्थानीय लोगों ने बताया कि दबंग व्यक्ति के द्वारा सड़क पर मिट्टी गिरा दी गई , जिससे सड़क की हालत खराब हो गई है। जिससे राहगीरों के साथ स्कूल जाने वाले बच्चे अक्सर इस कीचड़ में गिरकर चोटिल हो जाते हैं और उन्हें मजबूरन घर वापस लौटना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में शिववचन यादव का कहना है कि मामला जमीनी विवाद का है, कुछ लोग रंजिश से ऐसा आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में अंचलाधिकारी रितिक कुमार से संपर्क चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# रांची के मैक्लुस्कीगंज में घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

## बाइक सवार अपराधियों ने दी धमकी, रंगदारी का शक

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के खलारी प्रखंड स्थित मैक्लुस्कीगंज इलाके में गुरुवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक घर को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ मुंडाधौड़ा गांव की है, जहां सुबह करीब छह बजे नसीम खान के घर के बाहर गोलियां चलाई गईं।

मिली जानकारी के अनुसार, अपराधी दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे थे। उन्होंने घर के बाहर करीब चार राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग के दौरान बदमाशों ने धमकी भी दी कि पैसा नहीं दोगे तो ऐसा ही होता रहेगा,




जिससे इस घटना को रंगदारी से जोड़कर देखा जा रहा है।

पीड़ित नसीम खान, जो पेशे से ड्राइवर हैं, ने बताया कि उनका किसी से कोई पुराना विवाद नहीं है। अचानक हुई इस घटना के बाद उनके परिवार में भय का माहौल है और सभी लोग सहमे हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही खलारी डीएसपी आरएन चौधरी और थाना प्रभारी धनंजय बैठा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों और संभावित प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की सटीक वजह का पता लगाया जा सके। फिलहाल इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

# रांची के बीटेक छात्र की बेंगलुरु में मौत हॉस्टल की 9वीं मंजिल से गिरा लक्ष्य

## पिता बोले- यह सुसाइड नहीं बल्कि...

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के एक बीटेक छात्र की बेंगलुरु में संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। छात्र हॉस्टल की नौवीं मंजिल से गिरा बताया जा रहा है, लेकिन परिवार ने इस घटना पर कई सवाल उठाए हैं और हत्या की आशंका जताई है।

हॉस्टल की 9वीं मंजिल से गिरा छात्रः जिले के 21 वर्षीय लक्ष्य मिश्रा की बेंगलुरु में मौत हो गई। वह येलाहंका इलाके के एक निजी कॉलेज में बीटेक दूसरे वर्ष का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार तड़के करीब 3 बजे वह हॉस्टल की 9वीं मंजिल से गिर गया। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अप्राकृतिक मौत का केस दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।



ग्रिल के बीच जगह बहुत कम है, जिससे वहां से गिरना मुश्किल : लक्ष्य के पिता अंजनी कुमार मिश्रा बेंगलुरु पहुंचे और उन्होंने येलाहंका न्यू टाउन पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। उन्होंने बेटे की मौत को लेकर संदेह जताया है और कई सवाल उठाए हैं। पिता का कहना है कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद लक्ष्य के शरीर पर ज्यादा चोटें नहीं थीं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस खिड़की से गिरने की बात कही जा रही है, उसकी ग्रिल के बीच जगह बहुत कम है, जिससे वहां से गिरना मुश्किल लगता है।


इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि जहां लक्ष्य गिरा, वहां खून बहुत कम था। घटना के समय को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका कहना है कि अगर घटना 3:15 बजे हुई, तो परिवार को इसकी जानकारी 4 बजे क्यों दी गई। उन्होंने साजिश की आशंका जताते हुए कॉलेज प्रबंधन पर कुछ छिपाने का आरोप लगाया है।



## रांची मंडल में नई पदस्थापना पर सौजन्य भेंट, कर्मचारियों के मुद्दों पर हुई चर्चा

**रांची:** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में नवपदस्थापित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रेया सिंह से दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट किया। यह प्रतिनिधिमंडल मेंस कांग्रेस के महामंत्री एनएल कुमार के नेतृत्व में उनसे मिला और उन्हें पद ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी उनके समक्ष रखा तथा समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। श्रेया सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सिंह इससे पूर्व रांची मंडल में ही वरिष्ठ परिचालन पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रह चुकी हैं, जिससे उन्हें मंडल की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की समस्याओं का अच्छा अनुभव है। प्रतिनिधिमंडल में मेंस कांग्रेस की ओर से रांची शाखा सचिव पंकज सिंह समेत हटिया शाखा सचिव मनोज कुमार राय, अध्यक्ष बरिया कच्छप उपाध्यक्ष सुभाष कुमार सहायक सचिव दिनेश कुमार, कल्याण मिश्रा के साथ साथ कॉपरेटिव सुसाइटी की निदेशक ममता कुमारी शामिल रहीं।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने को लेकर जनता मेरा साथ दे : निपु सिंह



**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह नशामुक्त झारखंड का सूत्रधार और रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए राज्य कीजनता एक होकर मेरा साथ दे । श्री सिंह ने झारखंड के जनता से आग्रह करते हुए कहा कि सभी जनता एक मंच पर आकर मेरा साथ दे और इस लड़ाई में मेरा उत्साह बढ़ाये और सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल हर साल ट्यूशन फीस बढ़ा रहा है पचास की किताबें पांच सौ में बेच रहा है तिन सौ का ड्रेस हजारों में बेच रहा है ट्यूशन फीस लेने के बाद डिजिटल क्लास का फीस अलग से ले रहा है और फीस देने में एक दिन देर हुई तो लेट फाइन वसूल रहा है फिर हर साल एनुअल डेवलपमेंट फंड और बिल्डिंग फंड के नाम पर पैसा क्यों वसूला जा रहा है।

# ऑपरेशन नॉरकोस के तहत हटिया स्टेशन से 16.9 किलोग्राम गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** रांची रेल मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन नॉरकोस के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी एवं स्टाफ तथा सीआईबी रांची की टीम द्वारा हटिया रेलवे स्टेशन पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। यह अभियान पीसी/आरपीएफ हटिया के पर्यवेक्षण में प्रारंभ किया गया। चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02, फुट ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में ट्रॉली बैग के साथ बैठा हुआ पाया गया। संदेह होने पर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशाल पुरकायत, उम्र लगभग 25 वर्ष, पिता स्व. निर्मल पुरकायत, निवासी महराटोली, रेलवे क्वार्टर के पीछे, थाना जगन्नाथपुर, जिला रांची बताया। पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उसके ट्रॉली बैग में प्लास्टिक में लिपटा हुआ गांजा रखा हुआ है। सूचना पर एएससी/आरपीएफ रांची मौके पर पहुंची तथा उनके निदेशांनुसार विधिसम्मत प्रक्रिया



का पालन करते हुए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक नीले रंग के ट्रॉली बैग से 01 पैकेट तथा काले रंग के ट्रॉली बैग से 02 पैकेट गांजा बरामद किया गया। कुल 03 पैकेटों की उऋकिट से जांच की गई, जिसमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया। तत्पश्चात सभी पैकेटों का वजन किया गया, जो कुल 16.900 किलोग्राम पाया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 8,45,000/- आंकी गई। पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। आरोपी ने यह भी बताया कि वह 04.04.2026 को धुर्वा निवासी समेथी नामक व्यक्ति के निर्देश पर बस से रांची से अंगुल गया था, जहां दो दिन रुकने के बाद 07.04.2026 को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे दो ट्रॉली बैग सौंपे। इसके बाद वह ट्रेन संख्या 18403 एक्सप्रेस से सामान्य श्रेणी में यात्रा कर हटिया पहुंचा, जहां आरपीएफ द्वारा पकड़ा गया। सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत आरोपी को जब्त गांजा के साथ आरपीएफ/हटिया को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में आरपीएफ/हटिया द्वारा कांड दिनांक 08.04.2026, धारा 20(ु)(८)(इ)/29 ठउ्व्हर अूइ 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में शामिल अधिकारी एवं स्टाफः एलएसआई रीता कुमारी, कांस्टेबल अमरेश कुमार

**आरपीएफ टीम रांचीः**
**एएसआइग अनिल कुमार,**
**स्टाफ आरके. सिंह**
**सीआईबी टीम रांचीः**
**स्टाफ अरविंद कुमार यादव**

# राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की बैठक में लिये गये कई निर्णय

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ, झारखंड के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रजापति के आवास सह प्रजापति भवन, उप कार्यालय, तुपुदाना में एक बैठक की। बैठक मे निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रजापति छात्रों को एक मंच से सम्मानित किया जायेगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कुम्हार समाज को मिट्टी के बर्तन बनाने हेतु मिट्टी की



उपलब्धता सुगम और सस्ता हो इस ओर सरकार का ध्यान दिलाया जायेगा। महासंघ सरकार से कुम्हार समाज को मिट्टी के बर्तन बेचने हेतु उचित बाजार उपलब्ध कराने की मांग करेगी। बैठक में महासंघ से प्रताप प्रजापति, शत्रुघ्न प्रसाद, सिकंदर प्रजापति, भोला प्रजापति, राजेश, विनोद, गणेश,प्रदीप, दिनेश राम प्रजापति, मनोज एवं ललन प्रजापति उपस्थित रहे।

# पीरा चौक में ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन का भव्य उद्घाटन

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची के पीरा चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन का शुभारंभ आज बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण चिकित्सकों का एक भव्य सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा विशिष्ट अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवालकी उपस्थिति में किया गया।

मुख्य अतिथि श्री सेठ ने अपने संबोधन में ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं पर गहन चिंता व्यक्त की और उनके हितों की रक्षा के लिए मजबूत वचनबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री सेठ ने ग्रामीण चिकित्सकों के सम्मान, सुरक्षा और उनके कार्य को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव समर्थन देने का जोरदार आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि हटिया विधायक श्री जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और एसोशिएशन के उद्देश्यों को पूरा करने में हर स्तर पर पूर्ण



सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में उपस्थित कई वक्ताओं ने अपना अपना विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण चिकित्सक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य झारखंड सहित पूरे देश के दूरदराज के इलाकों में कार्यरत चिकित्सकों के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी कार्य स्थितियों को सुधारना और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। इस अवसर पर पद्मश्री मधु मंसूरी की उपस्थिति ने और भी भव्य बना दिया। साथ ही डॉ एभी मिश्रा, डॉ वीवी पाठक, डॉ अभिषेक रामाधीन (वरिष्ठ ईएनटी चिकित्सक) राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, रातू चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष जगदीश साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष अनुराग हर्ष दुबे, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा, समाजसेवी मिथिलेश दुबे, सोनू कुमार, विक्रम शर्मा, राणा सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया जेश्वर मुंडा,कंचम महतो ,सुबोध साहू,रितेश साहू,शशिकांत,मो आशिफ अंसारी एवं डॉ शुभम उपस्थित रहे। जिन्हे मंच की ओर से अंग वस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

**ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के राष्ट्रीय पदाधिकारीः**

राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश रंजन मिश्रा,

राष्ट्रीय महासचिव महानंद झा,

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,नितेश मिश्रा

झारखंड प्रदेश सचिव ब्रजेश शर्मा इस कार्यक्रम का मंच संचालन ब्रजेश शर्मा ने किया धन्यवाद ज्ञापन महानंद झा ने किया।

# कोल्हान की संपदा पर पहला हक स्थानीय जनता का होः कोल्हान रक्षा संघ

संवाददाता

**चक्रधरपुरः** चाईबासा में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कोल्हान क्षेत्र की दयनीय स्थिति और संसाधनों के दोहन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है जब कोल्हान की दशा को एक नई दिशा दी जाए। ?बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोल्हान रक्षा संघ के अध्यक्ष डीबार जोंकों ने कहा यह कितनी बड़ी विडंबना है कि टाटा स्टील जैसी कंपनियाँ जमशेदपुर को दुल्हन की तरह सजाने में लगी हैं, लेकिन जिस सारंडा और कोल्हान की कोख से वह लोहा निकलता है, वहाँ के लोग आज भी प्यासे हैं। हमारे पास न शुद्ध पीने का पानी है, न रहने को पक्का आवास और न चलने को सड़कें। आज भी यहाँ का युवा लकड़ी, दातुन और पत्ते बेचकर पेट भरने को मजबूर है। शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्थाएं कागजों तक सिमट कर रह गई हैं। ?बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के



अनुसार, कोल्हान क्षेत्र झारखंड के लौह अयस्क उत्पादन का 70-80% हिस्सा प्रदान करता है। मात्र एक महीने में 18.72 लाख टन उत्पादन हुआ, जिसका मूल्य 585.89 करोड़ है। कोल्हान से होने वाले वार्षिक उत्खनन का मूल्य लगभग 7,000 रू से 7,500 रू करोड़ बैठता है। ?कोल्हान रक्षा संघ के सदस्य रविन्द्र मंडल ने इन आंकड़ों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा अगर सालाना 7,500 करोड़ रुपये का खनिज हमारे पैरों के नीचे से निकाला जा रहा है, तो यहाँ की जनता दर-दर की ठोकरें क्यों खा रही है? रॉयल्टी और उ्व्त्रक्ष (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन) का पैसा कहाँ जा रहा है? कोल्हान की जनता अब मूकदर्शक बनी नहीं रहेगी। हमें विकास में हिस्सेदारी चाहिए, केवल आश्वासन नहीं। ?बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोल्हान के अधिकारों की रक्षा के लिए एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। खनिज उत्खनन में लगी कंपनियों में 75% स्थानीय युवाओं को अनिवार्य रोजगार मिलना चाहिए। सारंडा के सुदूर गांवों तक पक्की सड़कें और शुद्ध पेयजल की तत्काल व्यवस्था होनी चाहिए। प्रभावित क्षेत्रों में अत्याधुनिक अस्पताल और तकनीकी शिक्षण संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए। जिसके लिये कोल्हान रक्षा संघ ग्रामीणों के हित के लिये उग्र आंदोलन करेगा। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि कोल्हान की संपदा का लाभ सबसे पहले यहाँ के आदिवासियों और मूलवासियों को मिलना चाहिए। जब तक सारंडा के अंतिम व्यक्ति तक विकास नहीं पहुँचता, खनिज संपदा के इन आंकड़ों का जनता के लिए कोई मोल नहीं है। इस मौके पर महासचिव मानसिंह हेंब्रम ,सुखदेव हेम्ब्रम, जय सिंह हेम्ब्रम, अधिवक्ता पूनम हेंब्रम, शिवनंदन किस्कू ,लक्ष्मण मंडल, सुमित्रा जोंको,रमेश केराई,हरीश लागुरी,बागुन केराई ,राजेन्द्र केराई,महती बोयपाई,विशाला बोयपाई ,डूरा केराई,रोया बोयपाई,मुर्गा केराई समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, राँची**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**निविदा पत्र**

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 01/बजट–10–07/2022–415 दिनांक 13.03.2026 के आलोक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची के लिये महिन्द्रा बोलेरो नियो (Mahindra Bolero NEO) वाहन चालक सहित बाह्य स्त्रोत से लिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/बाह्य स्त्रोत संस्था दिनांक 16/04/2026 तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन कार्यालय, कमरा संख्या 312, समाहरणालय ब्लॉक – "ए" में अपना वाहन चालक सहित वाहन का मासिक दर विहित प्रपत्र में एवं आवश्यक कागजात बंद लिफाफे में जमा करा सकते हैं। निविदा दिनांक 17.04.2026 को पूर्वा० 11:30 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय, कमरा संख्या 312, समाहरणालय ब्लॉक – "ए" में खोली जायेगी।

नियम व शर्तें वेब साइट ranchi.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 376938 Election (26-27)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## कांग्रेस अध्यक्ष का अनर्गल प्रलाप

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा तथ्यों, नीतियों और विचारों से हटकर कटु, उग्र और विभाजनकारी भाषा में बदल जाए, तब समझ लीजिए वह लोकतंत्रीय चेतना को आहत करने लगी है। कहना होगा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा असम की एक चुनावी सभा में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ह्लजहरीला सांपह्व बताने वाला बयान इसी गिरते राजनीतिक स्तर का परिचायक है। यह टिप्पणी देखी जाए तो संपूर्ण लोकतांत्रिक मयार्दाओं और सामाजिक सौहार्द पर आज प्रश्नचिह्न खड़ा करती दिखती है।

असम के नीलांबाजार में दिए गए इस बयान में खड़गे ने धार्मिक संदर्भ का उपयोग करते हुए मुसलमानों से यहां तक कह दिया कि ह्लकुरान में लिखा है कि नमाज पढ़ते समय अगर कोई जहरीला सांप दिख जाए तो उसे तुरंत मार देना चाहिए।ह्व इसी तर्ज पर उन्होंने भाजपा-आरएसएस को ह्लखत्म करनेह्व की बात कही। बोले, ह्लबीजेपी-आरएसएस वह जहरीला सांप है। अगर इन्हें नहीं मारा तो जान बचाना मुश्किल हो जाएगा।ह्व यह भाषा राजनीतिक आलोचना कहीं से भी नहीं है बल्कि एक खतरनाक संकेत समाज में वैमनस्य फैलाने के संबंध में है।

यदि इस पूरे विवाद को तथ्यों और जमीनी हकीकत के संदर्भ में देखा जाए, तब सच स्वयं में प्रकाशमान हो उठता है, समझ आता है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का लगाया गया आरोप कितना विद्वेशपूर्ण और असत्य है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अक्सर अल्पसंख्यक खासकर (मुसलमान और ईसाई) विरोधी होने का आरोप लगाया जाता है, किंतु सरकारी योजनाओं और उनके लाभार्थियों के आंकड़े इस दावे को कमजोर करते हैं। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हर विपदा के दौरान एवं सहज स्थिति में समाज जीवन के हित जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, वे इस झूठ को सिरे से नकारने के लिए पर्याप्त हैं।

पिछले एक दशक में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं पर नजर डालें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इनका लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2015 से 2024 के बीच लगभग 03 करोड़ से अधिक पक्के मकानों का निर्माण हुआ। विभिन्न राज्यों के आंकड़ों के अनुसार, इन लाभार्थियों में अल्पसंख्यक समुदाय की हिस्सेदारी कई स्थानों पर उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक रही है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कई जिलों में मुस्लिम लाभार्थियों की हिस्सेदारी 25 फीसद से 35 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई, जबकि उनकी जनसंख्या लगभग 18-20% के आसपास है।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन वितरित किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें बड़ी संख्या में मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक महिलाओं को लाभ मिला। कई सामाजिक अध्ययनों में यह पाया गया कि ग्रामीण मुस्लिम परिवारों में उज्ज्वला योजना का प्रभाव विशेष रूप से सकारात्मक रहा, जिससे धुएं से होने वाली बीमारियों में कमी आई।

किसी को नहीं भूलना चाहिए कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना एक ऐतिहासिक पहल रही है। इस योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 06 करोड़ से अधिक अस्पताल उपचार इस योजना के तहत हो चुके हैं। इनमें अल्पसंख्यक समुदाय की भागीदारी उल्लेखनीय रही है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय बड़ी संख्या में रहते हैं।

आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रभाव भी उल्लेखनीय है। इस योजना के तहत अब तक 40 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से लगभग 60 फीसद लाभार्थी महिलाएं हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, मुस्लिम समुदाय के छोटे व्यापारियों और कारीगरों ने इस योजना का व्यापक लाभ उठाया है। कई राज्यों में मुद्रा लोन प्राप्त करने वालों में मुस्लिम उद्यमियों की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक पहुंची है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाएं उल्लेखनीय हैं। प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप के तहत हर वर्ष लाखों छात्रों को सहायता दी जाती है। 2014 से 2023 के बीच 05 करोड़ से अधिक छात्रवृत्तियां वितरित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या मुस्लिम छात्रों की रही है। इसके बाद के सालों में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, वस्तुतः यह दशार्ता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार की प्राथमिकता ह्लसमावेशी विकासह्व है, न कि ह्लचयनात्मक लाभह्व किसी को प्रदान करना है।

अब एक सरल उदाहरण से भी इसे समझ लेते हैं, मान लीजिए किसी राज्य में मुस्लिम आबादी 20 प्रतिशत है, किंतु जब सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन आते हैं, तो उनमें से 30झ्40 प्रतिशत लाभार्थी मुस्लिम समुदाय से होते हैं। इसका कारण यह है कि ये योजनाएं धर्म के आधार पर नहीं, आर्थिक और सामाजिक जरूरत के आधार पर लागू की जाती हैं। यानी जो गरीब है, वंचित है, वही प्राथमिकता में आता है चाहे वह किसी भी धर्म-समुदाय का ही क्यों न हो। राज्य स्तर पर भी यही प्रवृत्ति दिखाई देती है। असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में चल रही योजनाओं में सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था और योजनाओं के वितरण में पारदर्शिता आई है, जिससे सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिला है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड, दिल्ली, गुजरात, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आज आप किसी भी भाजपा शासित राज्य के आंकड़ों को उठाकर देख कसते हैं। जनसंख्या के अनुपात में सबसे अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उल्पसंख्यक विशेषकर मुसलमानों के द्वारा ही उठाया जा रहा है।

इसके विपरीत, कांग्रेस का राजनीतिक नैरेटिव लंबे समय से ह्लभयह्व और ह्लभ्रमह्व पर आधारित रहा है। अल्पसंख्यकों में उसके द्वारा खासतौर पर मुसलमानों और ईसाईयों के बीच यह संदेश देने की कोशिश की जाती रही है कि भाजपा और संघ उनके विरोधी हैं। किंतु जब वास्तविकता में योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचता है, तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ता है।

राजनीतिक विमर्श में भाषा की मयार्दा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ह्लजहरीला सांपह्व और ह्लमार देना चाहिएह्व जैसे शब्द सीधे तौर पर उकसावे की श्रेणी में आते हैं। यह लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करते हैं और समाज में विभाजन को बढ़ावा देते हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में इस प्रकार की भाषा बोलना पूरी तरह से अनुचित और खतरनाक है। यह सभी समझ लें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर यदि निष्पक्ष दृष्टि से विचार किया जाए, तो उसका मूल उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना और उसे सशक्त बनाना है। संघ की प्रार्थना में प्रतिदिन ह्लभारत को परम वैभव तक पहुंचानेह्व की कामना की जाती है। यही दृष्टिकोण भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जहां ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व उसकी नीति का आधार है।

# कैसे सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते स्ट्रा

> अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, ह्लभारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफे कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है। कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया।

हम सब अपने पसंदीदा पेय - ठंडी कॉफी, ताजा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ-सुथरा और सुरक्षित लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ

**विवेक शुक्ला**

हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुँचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। लेकिन दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं।

अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, ह्लभारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफे कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है। कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाजार में आए और उन्हें ह्लपर्यावरण के अनुकूलह्व विकल्प के रूप में देखा गया। लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। चावला ने इस विषय की गहराई से रिसर्च की। कई देशों का दौरा किया। उन्होंने जो पाया, वह चौंकाने



वाला और चिंताजनक था। अपनी शोध की यात्रा ने उन्हें ह्लकामार्पैक्सह्व नामक कंपनी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो गन्ने के अपशिष्ट से बने स्ट्रॉ बनाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले स्ट्रॉ के पीछे छिपी सच्चाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम किया। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, ह्लकई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें ह्यफॉरएवर केमिकल्सह्ल भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं। प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है- विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के (ईं२२ी) से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस (ईं२२ी) का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज उपयोगी बन जाती है। ये रोजमर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मजबूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते।

सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है।

सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि ह्लसुरक्षितह्व और ह्लकम्पोस्टेबलह्व किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। चावला कहते हैं कि उपभोक्ताओं के लिए संदेश सरल है: केवल लेबल पर भरोसा न करें। सवाल पूछें और अपने स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के लिए सही निर्णय लें।

एक स्ट्रॉ भले छोटी चीज लगे लेकिन सबको इस तरह की ही स्ट्रॉ का इस्तेमाल करना होगा जो हमारी सेहत और हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक ना हो। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें- एक-एक घूंट के साथ।

# राघव चड्ढा से दूरी: आम आदमी पार्टी में बढ़ती दरार या नेतृत्व पर सवाल?

> राघव चड्ढा अभी भी पार्टी में बने हुए हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व और उनके बीच बढ़ती दूरी अब छिपी नहीं है। पार्टी नेताओं द्वारा उनकी ह्यपार्टी लाइनह्ल से विचलन पर की गई तीखी आलोचना और दूसरी ओर राघव का सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को जनहित के मुद्दों का पक्षधर बताना, स्पष्ट संकेत देता है कि दोनों पक्षों के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरा चुके हैं।

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के भीतर जिस तरह हाशिए पर धकेला गया है, उसने न केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि पार्टी की आंतरिक स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्हें राज्यसभा में नेता पद से हटाया जाना महज एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

हालांकि राघव चड्ढा अभी भी पार्टी में बने हुए हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व और उनके बीच बढ़ती दूरी अब छिपी नहीं है। पार्टी नेताओं द्वारा उनकी ह्यपार्टी लाइनह्ल से विचलन पर की गई तीखी आलोचना

**-डॉ. अनिल कुमार निगम**

और दूसरी ओर राघव का सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को जनहित के मुद्दों का पक्षधर बताना, स्पष्ट संकेत देता है कि दोनों पक्षों के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरा चुके हैं। राघव चड्ढा पार्टी के शुरूआती दौर से जुड़े रहे हैं और उन्हें ह्यथिंक टैंकह्ल के रूप में देखा जाता था। ऐसे में उनकी भूमिका को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता केवल एक व्यक्ति का संकट नहीं, बल्कि संगठनात्मक असंतुलन का प्रतीक बनती जा रही है।

यह पहली बार नहीं है जब पार्टी के किसी प्रमुख चेहरे ने दूरी बनाई हो। पिछले एक दशक में कई बड़े नेताओं का पार्टी से अलग होना एक पैटर्न की ओर इशारा करता है। शाजिया इल्मी, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, आशुतोष, अलका लांबा जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं बल्कि




वे ऐसी शख्सियत थीं जिन्होंने कभी पार्टी की वैचारिक दिशा तय की थी।

लगातार हो रहे इन प्रस्थानों से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि समस्या व्यक्तियों में थी या फिर पार्टी की कार्यशैली और नेतृत्व शैली में कोई मूलभूत कमी है। एक-एक कर पार्टी छोड़ चुके नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो एवं दिल?ली के पूर्व मुख?यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उनकी ?यक्तिगत महत?वकांक्षा के चलते पार्टी दिशा भ्रमित हो गई है।

आम आदमी पार्टी की शुरूआत 2012 में भ्रष?टाचार के खिलाफ एक जनांदोलन से हुई थी, जिसका मूल आधार पारदर्शिता, जवाबदेही और आंतरिक लोकतंत्र था। दुर्भाग?यपूर्ण यह है कि आआपा के कई नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और सत?येंद्र जैन को भ्रष?टाचार के आरोपों में जेल जाना पड़ा, हालांकि अभी उन पर अदालत से दोष सिद्ध नहीं हुआ, लेकिन निःस?संदेह, इससे पार्टी की छवि पर धब?बा तो लगा है।कई पूर्व नेताओं ने खुलकर यह कहा कि पार्टी में निर्णय कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित हो गए हैं। इससे न केवल असहमति की जगह कम हुई, बल्कि संवाद की संस्कृति भी प्रभावित हुई। परिणामस्वरूप, संगठन के भीतर विचारों की विविधता की जगह टकराव ने ले ली।

दिल्ली और पंजाब में सत्ता हासिल करने के बाद पार्टी का तेजी से विस्तार हुआ, लेकिन इस विस्तार के साथ मजबूत संगठनात्मक ढांचे की जरूरत भी बढ़ी। विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी इस चुनौती से पूरी तरह नहीं निपट सकी। समन्वय की कमी, संवादहीनता और नेतृत्व पर अत्यधिक निर्भरता ने कई बार आंतरिक असंतोष को जन्म दिया।राघव चड्ढा को पार्टी के युवा और शिक्षित चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे रणनीतिकार, प्रवक्ता और संसदीय नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। हालांकि, वर्ष 2023 में उन पर राज्यसभा में ह्यफर्जी हस्ताक्षरह्ल से जुड़ा विवाद भी सामने आया, जिसके कारण उन्हें निलंबन झेलना पड़ा। उन्होंने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया।

महत्वपूर्ण यह है कि पार्टी ने कभी भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार या अनुशासनहीनता का औपचारिक आरोप नहीं लगाया, फिर भी उन्हें पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि असहमति को किस तरह देखा जा रहा है।

यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े प्रश्न की ओर ले जाता है। क्या आम आदमी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र कमजोर हो रहा है? क्या पार्टी में वैकल्पिक विचारों के लिए पर्याप्त जगह है? जब भी कोई वरिष्ठ नेता असहमति जताता है और अंततः किनारे हो जाता है, तो यह केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं रह जाता, बल्कि संस्थागत संरचना पर प्रश्नचिह्न बन जाता है।

वास्तविकता यह है कि जिस ह्यईमानदारीह्ल और ह्यपारदर्शिताह्ल के आधार पर पार्टी खड़ी हुई थी, वही आज सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व पर लगे आरोप न्यायालय में सिद्ध नहीं हुए हैं, फिर भी सार्वजनिक धारणा राजनीति में उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी कानूनी सच्चाई।

राघव चड्ढा प्रकरण केवल एक नेता की कहानी नहीं है, यह उस पार्टी की आंतरिक स्थिति का प्रतिबिंब है, जिसने कभी वैकल्पिक राजनीति का सपना दिखाया था। अब देखना यह होगा कि पार्टी इस संकट को आत्ममंथन का अवसर बनाती है या यह दरारें आगे चलकर एक बड़े राजनीतिक विभाजन का रूप लेती हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बजरंगबली की कृपा से जीवन की हर बाधा होगी दूर

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर-उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकु.डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन



देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है।

हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए। इसके लिए पूजा के स्थान पर उनकी मूर्ति स्थापित करके शुद्ध जल, दूध, दही, घी, मधु और चीनी का पंचामृत, तिल के तेल में मिला सिंदूर, लाल पुष्प, जनेऊ, सुपारी, नैवेद्य, नारियल का गोला चढ़ाएं और तिल के तेल का दीपक जलाकर उनकी पूजा करें। इससे हनुमान जी प्रसन्न होकर भक्तों के सारे कष्ट हर लेते हैं।

हनुमान जी के बचपन से जुड़ा एक प्रचलित प्रसंग यह है कि एक बार बालक हनुमान ने पूर्व दिशा में सूर्य को उदय होते देखा तो वह तुरंत आकाश में उड़ चले। वायुदेव ने जब यह देखा तो वह शीतल पवन के रूप में उनके साथ चलने लगे ताकि बालक पर सूर्य का ताप नहीं पड़े। अमावस्या का दिन था। राहु सूर्य को ग्रसित करने के लिए बढ़ रहा था तो हनुमानजी ने उसे पकड़ लिया। राहु किसी तरह उनकी पकड़ से छूट कर भागा और देवराज इंद्र के पास पहुंचा। इंद्र अपने प्रिय हाथी ऐरावत पर बैठकर चलने लगे तो हनुमान जी ऐरावत पर भी झपटे। इस पर इंद्र को क्रोध आ गया। उन्होंने बालक पर वज्र से प्रहार किया तो हनुमान जी की ठुड्डी घायल हो गई। वह मूर्छित होकर पर्वत शिखर पर गिर गए। यह सब देखकर वायुदेव को भी क्रोध आ गया। उन्होंने अपनी गति रोक दी और अपने पुत्र को लेकर एक गुफा में चले गए। अब वायु के नहीं चलने से सब लोग घबरा गए। देवतागण सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी के पास पहुंचे। सारी बात सुनकर ब्रह्माजी उस गुफा में पहुंचे और हनुमान जी को आशीर्वाद दिया तो उन्होंने आंखें खोल दीं। पवन देवता का भी क्रोध शांत हो गया। ब्रह्माजी ने कहा कि इस बालक को कभी भी ब्रह्म श्राप नहीं लगेगा। इसके बाद उन्होंने सभी देवताओं से कहा कि आप सब भी इस बालक को वर दें। इस पर देवराज इंद्र बोले कि मेरे वज्र से इस बालक की हनु यानि ठोढ़ी पर चोट लगी है इसलिए इसका नाम हनुमान होगा। सूर्य ने अपना तेज दिया तो वरूण ने कहा कि हनुमान सदा जल से सुरक्षित रहेंगे। इस प्रकार हर देवता ने हनुमानजी को वर प्रदान किया जिससे वह बलशाली हो गए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### सहकारिता व आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# गैस वितरण के लिए अनधिकृत और अस्थायी स्थानों का उपयोग न किया जाये: हेमंत सती

संवाददाता

**साहिबगंज:**उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उपायुक्त ने राशन कार्ड निष्पादन एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड निष्पादन में प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने बोरियो, उधवा एवं मंडरो प्रखंडो के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया तथा संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नए राशन कार्ड निर्गमन एवं डीलर परिवर्तन से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा की सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने



विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन गोदामों की नियमित निगरानी करने एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने गोदामों में उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट अविलंब वरीय पदाधिकारियों को समर्पित करने को कहा।गैस वितरण व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने गैस डीलरों को उपभोक्ताओं के आवास तक गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस वितरण के लिए अनधिकृत और अस्थायी स्थानों का उपयोग नहीं किया जाए। साथ ही गैस उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे अनावश्यक रूप से किसी स्थान पर एकत्रित होकर लाईन न लगाए अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।गैस वितरण से संबंधित शिकायतों के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 9006963963, 9631155933, 9065370630 तथा 06436-356485, 06436-222101, 06436-222202 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिला आपूर्ति पदाधिकारी के मोबाइल नंबर 7991177546 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु कुमार मिश्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित संबंधित एजीएम एवं बीएसओ उपस्थित थे।

## फूलों झानो डिजिटल ज्ञान केंद्र का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया**



साहिबगंज :जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने फुलों झानो डिजिटल ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, डिजिटल उपकरणों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।उपायुक्त ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी पढ़ाई, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा सीखने के अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन करने, तकनीक का बेहतर उपयोग करने एवं अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्र के कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पंचायत सचिव की मौत

संवाददाता

साहिबगंज:जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ का रहने वाला पंचायत सचिव ललित कुमार झा 29 वर्ष राजशेखर झा की मौत पथरगामा क्षेत्र के कसियातरी फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटना में हो गई। वह पाकुड़िया ब्लॉक में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे। हाल ही में उनका तबादला गोड्डा उपायुक्त ने महागामा प्रखंड के घमोडीह पंचायत भवन में पंचायत सचिव के पद पर किया था। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि ललित कुमार झा सुबह में अपने घर से बाइक जेएच 17 ए डी 3133 से योगदान देने के लिए महागामा प्रखंड के घमोडीह पंचायत भवन जा रहा था। इसी दौरान कसियातरी फोरलेन सड़क से विपरीत दिशा से जाने के कर्म में टर्निंग पॉइंट पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना ग्रसित हो गया। दुर्घटना के



दौरान कमर और सर पर बेहद गंभीर चोट लगी जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रागिरो एवं स्थानीय लोगों की मदद से इस घटना की जानकारी पथरगामा थाना पुलिस को दी गई। सूचना के आलोक में पथरगामा थाना के एएसआई ज्योति तिवारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया पोस्टमार्टम के लिए पथरगामा अस्पताल भेज दिया। साथ ही ललित कुमार झा की पहचान करते हुए इस घटना की स्थान जानकारी पथरगामा के विभागीय पदाधिकारी एवं उसके स्वजनों को दी गई। इधर ललित कुमार झा की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोग पथरगामा के लिए रवाना हो गया ।बताया जा रहा है कि ललित कुमार के पिता बरहेट के एक स्कूल से शिक्षक के पद से सेवा निवृत्त हुए थे । उनके चार भाई हैं बड़ा भाई बोरियों में शिक्षक के पद पर कार्यरत है जबकि दो अन्य भाई बाहर में टेक्नीशियन का काम करते हैं। पूरा परिवार सदमे में है और सभी का रो- रोकर बुरा हाल है।

## लादोपाड़ा में दिनदहाड़े गाड़ी से शव फेंककर फरार हुए अपराधी, जांच में जुटी पुलिस

- ✔ मृतक की पहचान प.बंगाल के फरक्का थाना क्षेत्र के कलाईडांगा निवासी चंदन बेसरा के रूप में हुई है

एजेंसी

**साहिबगंज/बरहरवा:** बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लादोपाडा में दिनदहाड़े एक युवक का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों का कहना है की एक चार पहिया वाहन जो फरक्का की ओर से आ रही थी। जिसमें कुछ अज्ञात लोग मौजूद थे ।जिन लोगों ने चलती गाड़ी से युवक के शव को लादोपाड़ा गाँव के समीप फेंक दिया और फरार हो गए ।मृतक की पहचान प.बंगाल के फरक्का थाना क्षेत्र के कलाईडांगा निवासी चंदन बेसरा के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही बरहरवा



थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल में जुट गए,साथ ही शव को विधिवत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के अनुसार मृतक युवक चंदन बेसरा रेलवे में ट्रैकमैन की नौकरी करते थे सुबह घर से बिंदुपाडा काम पर जाने की बोल कर घर से निकले थे,जिसके बाद उक्त घटना की जानकारी दोपहर को मिली। हालांकि बरहरवा थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल में जुट गई है। शुरूआती जांच में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु का कारण पूर्ण रूप से स्पष्ट हो पाएगा।

### कांग्रेस का एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम

## बूथ स्तर पर कार्यकर्ता को रहना होगा सक्रिय : हीरालाल

संवाददाता

**साहिबगंज:**राजमहल प्रखंड के अन्तर्गत पेट्रोल पम्प के समीप विवाह भवन में कांग्रेस कमिटी राजमहल के द्वारा आहूत एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम रखा गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य एसआईआर से संबंधित और बीएलए ट्रेनिंग को लेकर रखा गया था। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान और बीएलए मास्टर ट्रेनर



मुरसलीम खान,हीरालाल साह थे। मंच का संचालन कांग्रेस कमिटी राजमहल प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद ठाकुर ने किया।कार्यक्रम को संबोधित साहेबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान जिला महासचिव ऐनूल अंसारी, अल्पसंख्यक जिला महासचिव मो इकबाल,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष तनवीर राजा,युवा प्रदेश महासचिव डॉ सद्दाम हुसैन,जिल मीडिया चेयरमैन ताबिश इकबाल ने किया।मौके पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि प्रखंड संवाद एवं पेशा एक्ट के बारे में विस्तार रूप से अपनी बातों को उन्होंने सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी बीएलओ को अभी से सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर एसआईआर की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया।प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता को रहना होगा।

## अब सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को लगेगा जानता दरबार

संवाददाता

**बोकारो :** चास नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर भोलू पासवान, उपमहापौर पूजा कुमारी एवं वार्ड पार्षदगण उपस्थित रहे। जनता दरबार में सभी वार्डों से आए आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका ऑनलाइन फॉर्म भर दिया गया। इसके अतिरिक्त पानी से संबंधित 3 आवेदन, जन्म-मृत्यु से संबंधित 8 आवेदन तथा पानी कनेक्शन से जुड़े 20 आवेदन प्राप्त हुए जिनके लिए सभी को ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। ज्यादातर आवेदन सड़क एवं नाली निर्माण से संबंधित प्राप्त हुए। इस पर माननीय महापौर द्वारा आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही सभी वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके फलस्वरूप सभी वार्डों में सड़क और नाली की समस्या का समाधान हो जाएगा।ह्न इस जनता दरबार में चास नगर निगम के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता

## खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से जिले की टीम बनी ओवर आल चैंपियन

- ✔ धनबाद से लौटने पर जिला खेल कार्यालय में किया गया स्वागत

एजेंसी

**साहिबगंज:**झारखंड राज्य कुश्ती संघ एवं धनबाद जिला कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान मे धनबाद के महुदा में 05 से 06 अप्रैल तक संपन्न अंडर 17 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खेल विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा चांद भैरव इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में संचालित खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर जिले की टीम राज्य स्तरीय अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता में ओवर आल चैंपियन बना। टीम को धनबाद से साहेबगंज लौटने पर जिला खेल कार्यालय में जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना दी। खेलो इंडिया



कुश्ती सेंटर के कोच प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, कोच योगेश यादव कार्यालय कर्मी गौरव प्रियदर्शी, सुरेंद्र कुमार, समा प्रवीण समेत अन्य मौजूद थे।वहीं जिला कुश्ती संघ की सचिव नमिता कुमारी समेत जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

पदक विजेता ग्रीको रोमन कुश्ती 51 किग्रा
**खिलाड़ी:** करण कुमार स्वर्ण पदक,45 किग्रा, राहुल कुमार गोंड रजत पदक,
60 किग्राः राजू यादव रजत पदक,71 किग्रा सत्यम कुमार रजत पदक
80 किग्रा. मोनू कुमार चौधरी रजत पदक
**55 किग्राः** आदित्य कुमार यादव कांस्य पदक, समीर कुमार यादव - कांस्य पदक
फ्रीस्टाइल कुश्ती 48 किग्राः ऋषि कुमार चौधरी स्वर्ण पदक
**51 किग्राः** अंकुश कुमार यादव - स्वर्ण पदक,60 कि.ग्रा. बल्लव कुमार चौधरी रजत पदक
**65 किग्राः** सोनू कुमार स्वर्ण पदक
महिला कुश्ती
**57 किग्राः** श्रुति कुमारी स्वर्ण पदक
43 किग्राः मुस्कान कुमारी कांस्य पदक
**53 किग्राः** निशा कुमारी कांस्य पदक जीत हासिल किया।

## डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग टी 20 जूनियर टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

साहिबगंजःजिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुवार से सिदो कान्हू स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा व टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि उपायुक्त हेमंत सती सुबह 10 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट में संत जेवियर स्कूल, माही स्पोर्ट्स सीबीए एचएफएस, रेलवे स्कूल, बोरियो सुपर किंग जवाहर नवोदय विद्यालय, राजमहल स्पोर्टिंग क्लब माही स्पोर्ट्स ब्लू, संत जेवियर स्कूल जूनियर की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच राजमहल स्पोर्टिंग क्लब बनाम माही स्पोर्ट्स ब्लू के बीच खेला जाएगा। टूनामेंट की सभी तैयारी पूरी कर ली गई

### न्यूज IN ब्रीफ

**सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा , प्रशासन की सख्त कार्रवाई**

## निर्माण कार्य को किया ध्वस्त, जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त



**साहिबगंज:**भवन निर्माण कार्यालय के सामने स्थित महावीर नगर कॉलोनी में सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।साहिबगंज अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।जानकारी के अनुसार,यह जमीन जज क्वार्टर निर्माण के लिए पूर्व से ही आवंटित है।इसके बावजूद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यहां अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। मामले की सूचना मिलते ही अंचल प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। अंचलाअधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने स्पष्ट कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अवैध कब्जा करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राधानगर पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज/उधवा:** जिले के राधानगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों वारंटियों को पुलिस ने बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।जिसके बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया और दोनों वारंटियों को उनके ठिकानों से विधिवत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कांड संख्या सीसी 762/20 के वारंटी अरुण साहा को मोहनपुर तथा कांड संख्या जीआर 821/15 के वारंटी रमेश ठाकुर को चौकीढाब से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एएसआई सुनील कुमार मेहता आदि पुलिस बल शामिल थे।

## नौ दिवसीय 11 कुंडीया लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से

**5100 कलश लेकर महिलाएं यात्रा में हुई शामिल**





**साहिबगंज:** शहर के पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर से गुरुवार की सुबह 7:00 बजे महिलाएं और कुमारी युवतीया के द्वारा पीला वस्त्र पहनकर माथे पर 5100 कलश के साथ कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें घोड़ा, रामगढ़ का बैंड बाजा कलश यात्रा में आकर्षक का केंद्र था। जिसमें नौ दिन भंडारा, सुबह नौ बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। नौ दिनों तक अयोध्या के कलाकार की ओर से रासलीला ओर 72 प्रहर हरिकृतन किया जाएगा। नागा साधु संत महात्मा पहुंचेंगे। महायज्ञ में मनोरंजन की सुविधा रहेगी। भक्तों का सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। मेला में बच्चों ओर श्रद्धालुओं के लिए तारा माची झूला, कई सारे दुकान सहित भव्य मेला का आयोजन किया गया है। समिति की ओर से महायज्ञ का तैयारी युद्ध स्तर से किया जा रहा है। यज्ञ मंडप का निर्माण सहित साधु संत के तप पूजन का जगह, दुकानों के लिए जगह, प्रतिमा के लिए ओर भंडारा के लिए ओर पूजन के लिए जगह बनाया जा रहा है। यह कलश यात्रा जिरवाबाडी, पूर्वी फाटक,कॉलेज रोड, ग्रीन होटल कुलीपाड़ा बडतला होते हुए बिजली गंगा घाट पहुंची जहां कलश में जल भरकर पुरानी साहिबगंज होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के रास्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव,धीरन यादव,आदित्य यादव,भोलानाथ पांडे,केदार यादव,बमबम यादव सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने पर्पल कैप की दौड़ में लगाई छलांग, यशस्वी जायसवाल के सिर सजी ऑरेंज कैप

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार रात गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले का असर ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस पर भी देखने को मिला। प्लेऑफ की दौड़ तेज होने के बीच खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने अंक तालिका में हलचल मचा दी है।

**पर्पल कैप की स्थिति**

रवि बिश्नोई (राजस्थान रॉयल्स) तीन मैचों में सात विकेट लेकर 11.71 की औसत के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

पिछले सीजन के पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा ने दिल्ली के खिलाफ चार ओवर में 52 रन देकर दो विकेट झटके और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया और अहमदाबाद में 210 रन के लक्ष्य का बचाव करने में अहम भूमिका निभाई। आखिरी गेंद पर दो रन बचाने के दौरान उन्होंने धीमी गेंद से डेविड मिलर को चकमा दिया, जिससे रन आउट हुआ और टीम को जीत मिली।



सीजन के 14वें मैच के बाद तीसरे स्थान पर छह गेंदबाज पांच-पांच विकेट के साथ बराबरी पर हैं। इनमें राशिद खान, लुंगी एनगिडी, विजयकुमार वैशाख, अंशुल कंबोज, नांद्रे बर्गर और जैकब डफी शामिल हैं।

**ऑरेंज कैप की स्थिति**

यशस्वी जायसवाल (राजस्थान रॉयल्स) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 32 गेंदों में नाबाद 77 रन की पारी खेलकर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली है। तीन पारियों में 170 रन बनाने वाले जायसवाल सिर्फ एक बार आउट हुए हैं।

उन्होंने समीर रिजवी को पीछे छोड़ा, जो 160 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं और इस सीजन में दमदार शुरूआत कर चुके हैं।

इसके अलावा आठ अन्य बल्लेबाज भी 100 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। टॉप-5 में हेनरिक क्लासेन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) शामिल हैं।

# 'धुरंधर-2' एक हजार करोड़ के क्लब में शामिल, अभी नहीं तोड़ पाई 'पुष्पा-2' और 'बाहुबली-2' का कलेक्शन



**आदित्य** धर की फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए है। हर दिन फिल्म की कमाई तेजी से आगे बढ़ रही है। हालांकि फिल्म 'पुष्पा-2' और 'बाहुबली-2' का कलेक्शन नहीं तोड़ पाई है। यह दोनों ही फिल्में भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में हैं लेकिन उम्मीद की जा रही है कि फिल्म जल्द ही बाहुबली-2 का कलेक्शन तोड़ने में कामयाब होगी। आदित्य धर की आधिकारिक कंपनी बी62स्टूडियो ने फिल्म के दो सप्ताह के आंकड़े जारी किए हैं। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1501 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने पहले हफ्ते में 690 करोड़ की कमाई की थी, लेकिन दूसरे हफ्ते फिल्म ने 961 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, फिल्म का दो सप्ताह में ग्रॉस इंडिया बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,134 करोड़ हो गया है और फिल्म का वर्ल्ड वाइल्ड कलेक्शन 1501 करोड़ हो चुका है।

# शिल्पा शेट्टी को आई 90 के दशक की याद, 'बाजीगर' के खौफनाक सीन पर खुद लिए मजे

सोशल मीडिया के दौर में कुछ भी ट्रेंड करने लगता है। कभी कोई पुरानी फिल्मों के संवाद लोगों की जुबान पर चढ़ जाते हैं, तो कभी किसी का लिखा हुआ कोट ट्रेंड करने लगता है। इन दिनों एक नया ट्रेंड लोगों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर '90 के दशक में आप कैसी थीं?' काफी पॉपुलर हो रहा है। यह भारत समेत कई देशों में वायरल हो रहा है और हर कोई इस ट्रेंड को फॉलो कर रहा है। लोग अपने पुराने फोटो या क्लिप शेयर करके 90 के दशक की यादें ताजा कर रहे हैं। इसी ट्रेंड में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी भी शामिल हो गईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील शेयर की। इस वीडियो में 90 के दशक की कई बॉलीवुड फिल्मों के क्लिप दिखाए गए हैं। इनमें 'बाजीगर', 'पृथ्वी' और 'इंसाफ' जैसी फिल्मों के सीन शामिल हैं। सबसे खास क्लिप फिल्म 'बाजीगर' की है। रील में फिल्म का वो सीन लिया गया है, जिसमें शाहरुख खान शिल्पा के किरदार को छत से नीचे फेंक देता है। यह सीन लोगों को आज भी याद है और सोशल मीडिया पर इसके कई मीम्स बनते रहते हैं। शिल्पा ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'आपको इसकी उम्मीद नहीं थी और न ही दोबारा होगी। 90 के दशक की यादें, नॉस्टेल्जिया, कुछ अलग ही होती हैं। 90 के दशक में बॉलीवुड फिल्मों का अपना अलग जादू था। उस समय की कहानियां, गाने और डायलॉग आज भी दिल को छू लेते हैं।



# नए एशियन गेम्स क्रिकेट स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा जापान

एजेंसी

**टोक्यो/नागोया :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की है कि जापान में एशियन गेम्स के लिए बनाए गए नए क्रिकेट स्टेडियम में अगले महीने पहली बार पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। बेसबॉल के लिए प्रसिद्ध जापान इस साल एशियन गेम्स 2026 की मेजबानी कर रहा है, जो 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया और ऐची क्षेत्र में आयोजित होंगे। इसी के लिए तैयार किया गया नया क्रिकेट मैदान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरूआत करेगा। नागोया के पास निशिन में स्थित यह स्टेडियम 8 से 18 मई के बीच 2028 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर मुकाबलों की मेजबानी करेगा। यह अब तक का सबसे बड़ा ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा, जिसमें नौ टीमें भाग लेंगी।

इस टूर्नामेंट के जरिए टीमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करेंगी। कुछ मुकाबले टोक्यो से करीब 100 किलोमीटर दूर सानो स्थित जापान क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्यालय में भी खेले जाएंगे। जापान क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संचालन अधिकारी एलन कर ने कहा कि यह जापान के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वह बहु-स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट आयोजित करने की अपनी क्षमता दिखा सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह आयोजन ईएपी क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ टीमों को मंच देने के साथ-साथ एशियन गेम्स से पहले क्रिकेट को लेकर उत्साह भी बढ़ाएगा। इस क्वालीफायर में मेजबान जापान के अलावा कुक आइलैंड्स, फिजी, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, समोआ और वनुआतु की टीमें हिस्सा लेंगी।



# फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट 2026, राउंड 9: वैशाली ने दिव्या को हराकर संयुक्त बढ़त बनाई

✔ सिंदारोव और प्रज्ञानानंद ड्रॉ पर रुके

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आर. वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर फिडे कैंडिडेट्स 2026 के राउंड 9 के बाद शीर्ष स्थान पर संयुक्त बढ़त बना ली है। अब वह झू जिनर के साथ बराबरी पर हैं, जिन्होंने कातेरिना लाग्नो को मात दी। वैशाली ने दिव्या की सेंटर में की गई एक गलती का पूरा फायदा उठाया। दिव्या के ठ3 जैसे ओवरकमिटमेंट वाले मूव ने उनके पोजिशन को कमजोर कर दिया, जिससे सेंटर पर पकड़ ढीली पड़ गई और प्यादों में कमजोरी आ गई। इसके बाद फ७6 और इ7 जैसे मूव्स के जरिए वैशाली ने अपने क्वीन और रूक को सक्रिय किया और खुले फाइल्स व डायगोनल्स पर नियंत्रण बना लिया।



28.फ्१ से लेकर फु7 तक वैशाली ने सातवीं रैंक पर घुसपैठ कर दी, कमजोर प्यादों को निशाना बनाया और समय के दबाव में आई दिव्या को आखिरकार हार मानने पर मजबूर कर दिया।

दूसरी ओर, आर. प्रज्ञानानंद ने वेई यी के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया। 32.ठf6 एक शानदार चाल रही, जिससे ब्लैक की संरचना पर दबाव बना। इसके बाद 35.फछ्4 के जरिए उन्होंने डबल अटैक किया और कई कमजोरियों को निशाना बनाया। हालांकि, निर्णायक बढ़त के लिए कोई ठोस प्यादा ब्रेक नहीं मिल सका और वेई यी ने मजबूत डिफेंस करते हुए मुकाबले को ड्रॉ पर समाप्त कराया। इधर, टेबल टॉपर जावोखिर सिंदारोव को लगातार दूसरी बार ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, जब उन्होंने माथियास ब्लूबाउम के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी। अन्य मुकाबलों में अनिश गिरि ने फैबियानो कारुआना को हराया, जबकि आंद्रेई एसिपेंको और हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। महिला वर्ग में अन्ना म्यूजिचुक और तान झोंगयी के बीच बाजी बराबरी पर छूटी, जबकि अलेक्जांद्रा गोरयाच्किना और बिबिसारा अस्साउबायेवा ने भी अंक साझा किए।

# आईपीएल 2026: रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 01 रन से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया आईपीएल 2026 का मुकाबला इतिहास के सबसे रोमांचक मैचों में शुमार हो गया, जिसमें गुजरात ने महज 01 रन से जीत दर्ज की। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले का फैसला आखिरी गेंद पर हुआ, जब कुलदीप यादव रन आउट हो गए और दिल्ली की जीत की उम्मीद टूट गई। 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरूआत शानदार रही। पथुम निशांका ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में तेजी से रन जोड़े। जबकि केएल राहुल ने बेहतरीन लय में बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंदों में 92 रन की शानदार पारी खेली। राहुल ने 11 चौके और 4 छक्के जड़कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था।

हालांकि, मैच का रुख तब बदला जब राशिद खान ने अपने स्पेल में शानदार गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट झटके। उन्होंने मिडिल ओवरों में दिल्ली की रनगति पर ब्रेक लगाया और अहम बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का 1000वां विकेट भी पूरा किया।



दूसरी ओर, प्रसिद्ध कृष्णा ने भी अहम मौकों पर विकेट लेकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। आखिरी ओवर में उनकी संयमित गेंदबाजी ने मैच का पासा पलट दिया। मैच के हीरो रहे डेविड मिलर, जिन्होंने चोटिल होने के बावजूद वापसी कर 20 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया था, लेकिन पांचवीं गेंद पर सिंगल लेने से इनकार करना निर्णायक साबित हुआ। अंतिम गेंद पर 2 रन की जरूरत थी, लेकिन जोस बटलर के सटीक थ्रो ने कुलदीप यादव को रन आउट कर दिया और गुजरात टाइटंस ने सांसें थाम देने वाले मुकाबले में जीत हासिल कर ली। इससे पहले, गुजरात ने अपनी पारी में चार विकेट खोकर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# गुरमीत चौधरी ने बेटी लियाना को बताया अपनी 'किस्मत'

**टीवी** एक्टर गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी की बड़ी बेटी लियाना का चौथा जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। यह खुशी का पल परिवार वालों के लिए खास रहा। दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कर बेटी को जन्मदिन की बधाई दी। अभिनेत्री देबिना बनर्जी ने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इसमें वे लियाना और परिवार के साथ खुशी के पल समेटती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में मां बनने के अनुभव को गहराई से बयां किया। उन्होंने बड़ी बेटी को अपनी ताकत और खुशी का स्रोत बताया। देबिना बनर्जी ने लिखा, 'मां बनना मेरे जीवन का सबसे मजबूत, भावुक और सुंदर अनुभव रहा है। मेरी लियाना में मैं ताकत, चमक और अपना पूरा संसार देखती हूं। हमारी लड़कियों की गैंग अभी तो शुरुआत कर रही हैं। मेरी लियाना, तुम मेरे दिल का हिस्सा हो। हैप्पी बर्थडे मेरी जान। मम्मा तुमसे बहुत प्यार करती है। वहीं, गुरमीत ने भी इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। एक तस्वीर में गुरमीत लियाना को गोद में लिए हुए प्यार कर रहे हैं, तो दूसरी में पूरा परिवार नजर आ रहा है, जिसमें गुरमीत, लियाना, छोटी बेटी दिविशा और देबिना नजर आ रही हैं। गुरमीत ने लिखा, 'मेरी नन्ही परी लियाना को चौथे जन्मदिन की अनंत बधाई। तुम मेरी सबसे बड़ी किस्मत और प्यारी खुशी हो। मेरी प्यारी बच्ची, मैं तुम्हें हमेशा प्यार करूंगा और आप सभी का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने उसे इतना प्यार और शुभकामनाएं दीं। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी टीवी जगत के जाने-माने नाम हैं। उनकी पहली बेटी लियाना 3 अप्रैल 2022 को पैदा हुई थी। अब वह चार साल की हो गई है। उनके घर में छोटी बेटी दिविशा भी है। दोनों बेटियां परिवार की खुशी बढ़ाती हैं।



# लीड रोल में नजर आएंगे प्रिया बनर्जी-निनाद कामत

Candy And The Pizza Girl के मेकर्स ने फिल्म के पहले पोस्टर लॉन्च कर दिए हैं, जो इसकी अजीब, स्टाइलिश और अनप्रेडिक्टेबल दुनिया की झलक दिखाते हैं। फिल्म 10 अप्रैल 2026 को Amazon Prime Video पर रिलीज़ होगी। यह Full Moon Studioz और डायरेक्टर अक्किल कपूर की पहली फीचर फिल्म पेशकश है। फिल्म की कहानी एक फुल-मून नाइट पर आधारित है, जहां कई किरदारों की ज़िंदगियां आपस में जुड़ती हैं। एक बड़ी घटना सभी किरदारों को एक साथ जोड़ देती है, और इसके बाद शुरू होता है मज़ेदार, सस्पेंस और ट्विस्ट से भरा सफर। मुंबई की तेज़-रफ्तार नाइटलाइफ को इस डार्क कॉमेडी में एक अलग और मज़ेदार अंदाज़ में पेश किया गया है। फिल्म में निनाद कामत के साथ प्रिया बनर्जी, शिवानी सिंह, दारा संधू, निमिष शिटोले और अनिकेत सांघवी नजर आएंगे। हर किरदार अपनी अलग दुनिया और पागलपन के साथ कहानी को आगे बढ़ाता है। प्रिया बनर्जी ने कहा, 'मुझे इस फिल्म की बेबाकी और अलग अंदाज़ ने आकर्षित किया। मेरा किरदार भावनात्मक और विजुअल दोनों ही तरह से एक्सट्रीम है, जिससे मुझे एक्टिंग में एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिला।



# 'सुहागन बनाकर विदा करना'

## स्मिता पाटिल की आखिरी इच्छा सुन रो पड़े थे मेकअप आर्टिस्ट, शेयर किया इमोशनल किस्सा

दिग्गज अदाकारा स्मिता पाटिल के मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत का एक इंटरव्यू काफी सुर्खियों में है, जिसमें उन्होंने स्मिता की एक बेहद भावुक इच्छा के बारे में बताया है। दिग्गज अदाकारा स्मिता पाटिल का निधन 13 दिसंबर 1986 को महज 31 साल की उम्र में बच्चे के जन्म के बाद हुई जटिलताओं की वजह से हो गया था। मंडी, अर्थ और अर्ध सत्य जैसी शानदार फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से स्मिता पाटिल ने हिंदी सिनेमा में एक खास जगह बनाई। अब हाल ही में उनके मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत का एक इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें उन्होंने स्मिता की एक बेहद इमोशनल कर देने वाली इच्छा के बारे में बताया।

### दीपक ने शेयर किया इमोशनल किस्सा

दीपक सावंत ने कहा कि स्मिता अक्सर कहती थीं- 'मुझे सुहागन बनाकर ही ले जाना।' वो ये बात अपनी मां से भी कहती थीं, और घरवाले उन्हें ऐसा बोलने पर डांटते थे। उन्होंने उस दर्दनाक पल को याद करते हुए बताया कि स्मिता के निधन के बाद उनकी बहन विदेश से आने वाली थीं, इसलिए 2-3 दिनों तक उनका पार्थिव शरीर बर्फ पर रखा गया था, जिससे वह सूज गया था। उसी दौरान उनकी मां ने सबके सामने, जहां अमिताभ बच्चन समेत कई लोग मौजूद थे, दीपक को मेकअप किट देते हुए कहा कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें सुहागन की तरह विदा किया जाए। ये सुनकर दीपक सावंत रो पड़े और आंसुओं के बीच उन्होंने स्मिता का आखिरी मेकअप किया, उन्हें बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया।

### स्मिता पाटिल का एक्टिंग करियर

करीब एक दशक के करियर में स्मिता पाटिल ने 80 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। उन्हें दो नेशनल अवॉर्ड, कई फिल्मफेयर पुरस्कार मिले और 1985 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। आज भी उनकी याद में फिल्म फेस्टिवल्स और कई सम्मान आयोजित किए जाते हैं, जो उनकी विरासत को जिंदा रखते हैं।

# आज पछता रहे होंगे...

## अक्षय खन्ना से पहले 3 एक्टरों ने रिजेक्ट किया था रहमान डकैत का रोल, मुकेश छाबड़ा का बड़ा खुलासा



**आदित्य धर की 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना रहमान डकैत बनकर छा गए. पर क्या आप जानते हैं कि ये रोल पहले कई एक्टरों को ऑफर किया गया था. लेकिन 3 एक्टरों ने इस रोल को रिजेक्ट कर दिया था. इसका खुलासा खुद कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने एक हालिया इंटरव्यू में किया.**

आदित्य धर की 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का किरदार निभाया था. जैसे ही ऑडियंस ने उन्हें बड़े पर्दे पर रहमान डकैत के किरदार में देखा, लोग उनके फैन हो गए. अक्षय खन्ना एक्टिंग, डायलॉग डिलिवरी, डांस मूव्ज और एक्शन ने हर किसी को अपना मुरीद बना दिया था. अक्षय खन्ना का रहमान डकैत वाला किरदार फैंस को इतना पसंद आया कि 'धुरंधर 2' में नजर नहीं आने पर लोग थोड़े निराश भी हुए. लेकिन क्या आपको पता है कि अक्षय खन्ना को ये रोल मिलने से पहले कई एक्टर्स ने इसे रिजेक्ट कर दिया था? 'धुरंधर 2' के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने एक हालिया बातचीत में इसका खुलासा किया. रिलीज के बाद से ही रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर 2' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने इस स्पाई थ्रिलर की कास्टिंग प्रोसेस के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने खुलासा किया कि कई एक्टर्स ने 'रहमान डकैत' के मशहूर किरदार को निभाने से मना कर दिया था, जिसने अक्षय खन्ना की बॉलीवुड में इमेज ही बदलकर रख दी.

### मुकेश छाबड़ा का खुलासा

बॉलीवुड बातचीत के दौरान मुकेश छाबड़ा ने बताया, 'मुझे चार घंटे तक कहानी सुनाई गई. उसके बाद मैं हैरान रह गया. मैं हिला भी नहीं और न ही मैंने कोई ब्रेक लिया. हमें पता भी नहीं चला कि समय कब बीत गया. शुरुआत में मैं डर गया था, जबकि मैंने पहले भी कई फिल्मों के लिए कास्टिंग की थी. मुझे बहुत सारे किरदार और नए चेहरे ढूंढने थे. ये एक बहुत बड़ी फिल्म थी. '

# नवकार महामंत्र जैन धर्म की आध्यात्मिक परम्परा का प्रतीक : केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी

**लखनऊ :** विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर गुरूवार को जन भवन के गांधी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नवकार महामंत्र आध्यात्मिक जागृति, अहिंसा और आस्था का मूल आधार है। यह महामंत्र जैन धर्म की महान आध्यात्मिक परम्परा का प्रतीक है, जो मानव जीवन में शांति, संयम, करूणा एवं सदभाव का संदेश देता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हम सम्पूर्ण मानवता व सबके कल्याण की कामना करते हैं। अपने यहां कोई भी आयोजन होता है तो सम्पूर्ण विश्व का कल्याण हो। यह उदघोष किया जाता है। जैन, बुद्ध व सिख परम्परा के लोग हों सबने सबके कल्याण की कामना की है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब पूरे विश्व में तनाव व युद्ध का महौल है, उस समय भारत की एक ऐसी धरती है, जहां शांति के लिए आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि हम सब एकजुट होकर आगे बढ़ें तो निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्त करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है कि गरीब आदमी भी अमीर बने। जो अभावग्रस्त हैं उनका अभाव दूर हो। आज हम धैर्य व शांतिपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रामलला के जन्मस्थान को विदेशी आक्रान्ताओं ने तोड़ दिया था , आज वहां भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। 370 अनुच्छेद को हटाने का काम मोदी सरकार ने किया। हम शांति के पक्षधर हैं लेकिन कायर नहीं हैं। आज देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विश्वास के साथ काम कर रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह वीरेन्द्र जायसवाल, प्रान्त प्रचारक कौशल, पूर्व मंत्री डा.महेन्द्र सिंह, प्रदीप जैन, अनीता जैन, संजीव जैन, पवन जैन, अमिता जैन व रिषभ जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## नीतीश आज पहुंच रहे दिल्ली, राज्यसभा की सदस्यता के बाद ही बिहार के सीएम का होगा फैसला

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा की सदस्यता लेने आज 1:20 बजे की फ्लाइट से दिल्ली रवाना हो जाएंगे। बीते 16 मार्च को नीतीश कुमार राज्यसभा के सदस्य चुने गए थे। 30 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आज जब नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचने के बाद जदयू के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन करेंगे तो बिहार में नई सरकार में निशांत और जदयू की क्या भूमिका रहेगी इस सब पर भी चर्चा होगी। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के सांसद और पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि कहीं कोई मतभेद नहीं है, सब कुछ तय कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है। नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा में पद की शपथ ले रहे हैं। सब कुछ नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही तय किया जा रहा है।

# हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फिर बर्फबारी शिमला में ओलावृष्टि से सेब को नुकसान

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम के कड़े तेवर जारी हैं। राज्य के कई इलाकों में बीती रात रुक-रुक कर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश व ओलावृष्टि दर्ज की गई, जिससे ठंड एक बार फिर तेज हो गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। जानकारी के अनुसार लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पूरी रात रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही। वहीं शिमला में देर रात बारिश के साथ ओलावृष्टि दर्ज की गई। गुरुवार सुबह राजधानी शिमला सहित कई निचले और मध्यवर्ती क्षेत्रों में बादल छाए रहे, जिससे ठंड का असर बना हुआ है।

ओलावृष्टि का सबसे अधिक असर शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में देखा गया है, जहां सेब की फसल को नुकसान पहुंचा है।



इससे बागवानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इस समय फसल संवेदनशील अवस्था में है।

उधर, चौपाल और रोहडू क्षेत्रों सहित कुल्लू और लाहौल-स्पीति में बुधवार को हुई ताजा बर्फबारी के कारण कई संपर्क सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। प्रशासन द्वारा मार्ग बहाली का काम जारी है, हालांकि ऊंचाई वाले इलाकों में आवाजाही प्रभावित बनी हुई है। मौसम के इन बदले तेवरों के कारण प्रदेश में अप्रैल के महीने में भी कड़ाके की सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्रैल तक मध्यवर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की संभावना बनी रहेगी, जबकि उच्च पर्वतीय इलाकों में इस दौरान बर्फबारी हो सकती है। विभाग ने कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि 13 अप्रैल से प्रदेश में मौसम साफ होने लगेगा और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# चुनाव 26 : जन समस्याओं के निवारण हेतु निरंतर संघर्ष ही ध्येय : लीना घोष

एजेंसी

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से एसयूसीआई की उम्मीदवार लीना घोष का राजनीतिक सफर संघर्षों और चुनौतियों से भरा रहा है। हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में लीना घोष ने अपने जीवन और राजनीतिक सफर को लेकर कई रोचक खुलासे किये। ग्यारहवीं कक्षा में छात्र राजनीति पर शिक्षक द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में अकेली ह्यहांह्न कहने वाली लीना ने वहीं से राजनीतिक पथ पर कदम रखा। लीना का जन्म धनबाद में हुआ, लेकिन बचपन में ही वे अपनी मां के साथ बांकुड़ा जिले के जयपुर थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव चली आईं। प्रारंभिक शिक्षा वहीं के विद्यालय से प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए वे बांकुरा जिले के सारदामणि महिला महाविद्यालय में दाखिला लिया। छात्र जीवन में ही उन्होंने एसयूसीआई के छात्र संगठन डीएसओ के माध्यम से कॉलेज छात्र संघ चुनावों में भाग लिया, हालांकि तीन वर्षों तक जीत नहीं मिली। लीना के माता-पिता भी लंबे समय से एसयूसीआई से जुड़े रहे हैं। उनके प्रभाव से लीना ने भी पार्टी से जुड़ाव बनाए रखा। शादी और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच भी वे श्रमिक आंदोलनों में सक्रिय रही हैं और वर्तमान में पश्चिम बंगाल आशाकर्मी संघ की जिला सभानेत्री के पद पर कार्यरत हैं। लीना घोष ने बताया कि उनका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और मूल्य वृद्धि जैसे आम जन समस्याओं पर लोगों के लिए लगातार संघर्ष करना है। उन्होंने कहा, ह्लहम सारा वर्ष आंदोलन के रास्ते पर रहते हैं। हमारी पहल से प्राइमरी स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षा लागू हुई और अभी तक इस राज्य में स्मार्ट मीटर पूरी तरह नहीं लगाया जा सका। वह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनता से जुड़ी हैं और इस बार भी बांकुड़ा विधानसभा सीट पर चुनावी अभियान में जनता के लिए खड़ी हैं। उनके सामने भाजपा के नीलाद्रि शेखर दाना और तृणमूल की शम्पा दरीपा मुकाबले में हैं। बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र जो बांकुड़ा लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है और इसमें बांकुड़ा नगरपालिका तथा बांकुड़ा-एक ब्लॉक शामिल हैं। इस क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। 1977 से 2006 तक यह क्षेत्र वामपंथियों का मजबूत गढ़ था, जिसमें पार्थ दे लंबे समय तक विधायक और राज्य के मंत्री रहे। 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने इस क्षेत्र में पकड़ बनाते हुए काशीनाथ मिश्रा को विजयी बनाया, जबकि 2016 में शम्पा दरिपा (तृणमूल समर्थित कांग्रेस) ने जीत दर्ज की। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के नीलाद्री शेखर दाना ने यहां से विधायक के रूप में जीत हासिल की। इस क्षेत्र में हमेशा से कांग्रेस और वामपंथियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की बढ़त देखने को मिली है। 2021 के चुनाव परिणामों के अनुसार नीलाद्री शेखर दाना ने 95,466 वोट प्राप्त किए, जबकि तृणमूल कांग्रेस की सयांतीका बनर्जी को 93,998 और कांग्रेस की राधारानी बनर्जी को 13,764 वोट मिले थे।

## झूठ और धोखे की राजनीति कर रही कांग्रेस : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपनी ही हरकतों के कारण पवन खेड़ा को जेल की ओर धकेल रहे हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने अपने पोस्ट में कहा कि कांग्रेस नेताओं की हताशा इस हद तक बढ़ गई है कि वे पूरी तरह से मनगढ़ंत दस्तावेज जारी कर रहे हैं, जिन्हें उनकी टीम पहले ही उजागर कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह अब राजनीति नहीं रह गई है, बल्कि यह खुला धोखा है। सरमा ने आगे कहा कि कांग्रेस का पूरा तंत्र अपनी जिम्मेदारी की भावना खो चुका है और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कुछ ही घंटों में असम की जनता इस धोखे का करारा जवाब देगी और कांग्रेस नेतृत्व को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।



# ममता बनर्जी के प्रचार पर रोक लगाने की मांग, भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

एजेंसी

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए उनके चुनाव प्रचार पर एक निश्चित अवधि के लिए रोक लगाने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के कुछ बयानों से केंद्रीय सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसा भड़काने की आशंका पैदा हुई है। भाजपा ने बुधवार देर शाम को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान राज्य में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए हैं, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। शिकायत में कहा गया है कि सात अप्रैल को एक जनसभा में ममता बनर्जी ने कथित तौर पर कहा था कि सीआरपीएफ की 200 गाड़ियां लोगों पर हमला करने आ रही हैं। भाजपा के अनुसार, इस तरह का बयान जनता के बीच भय का माहौल बनाने और सुरक्षा बलों के प्रति अविश्वास पैदा करने वाला है। इसके अलावा भाजपा ने तीन अप्रैल को दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में हुई एक अन्य सभा का भी उल्लेख किया, जहां मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय बलों के वाहनों के माध्यम से धन लाया जा रहा है। भाजपा का कहना है कि इस तरह के आरोप केंद्रीय बलों की निष्पक्षता और संवैधानिक भूमिका पर सवाल खड़े करते हैं। पार्टी ने अपने पत्र में कहा कि इस प्रकार के बयान कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं, मतदाताओं में डर पैदा कर सकते हैं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को कमजोर कर सकते हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि ममता बनर्जी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके चुनाव प्रचार पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को निर्देश देने की भी मांग की गई है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाए।



सीजफायर विफल होने की आशंका से कच्चे तेल में उबाल,

# डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.5 प्रतिशत से अधिक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में सीजफायर को लेकर बनी असमंजस की स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) के भाव में एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। ब्रेंट क्रूड आज 2.50 प्रतिशत से अधिक उछल गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी आज 3.50 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। पश्चिम एशिया में सीजफायर का ऐलान होने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिका ने ईरान की शर्तों को बेतुका और बचकाना बता दिया। दूसरी ओर, इजरायल ने बुधवार को लेबनान पर जोरदार हमला किया, जिससे करीब 250 लोगों की मौत हो जाने की खबर आई। अमेरिका के तीखे बयान और इजरायल के हमले से भड़के ईरान ने एक बार फिर हॉर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की धमकी दे दी। ईरान की ओर से कहा गया है कि सीजफायर की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। ऐसी स्थिति में अगर हॉर्मुज स्ट्रेट से होकर कोई जहाज गुजरा, तो उसे उड़ा दिया जाएगा। ईरान की चेतावनी के बाद से ही हॉर्मुज स्ट्रेट एक बार फिर ठप हो गया है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आ गई है। ब्रेंट क्रूड ने आज 2.22 डॉलर प्रति बैरल की तेजी के साथ 96.97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। थोड़ी देर में ही इसकी कीमत 97.89 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10:30 बजे ब्रेंट क्रूड 2.53 डॉलर प्रति बैरल यानी 2.67 प्रतिशत उछल कर 97.28 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# सराफा बाजार में उछली चांदी, वायदा बाजार के भाव में आई गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में हाजिर चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। दूसरी ओर, वायदा बाजार (फ्यूचर ट्रेडिंग) में चांदी में गिरावट नजर आ रही है। आज सराफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान हाजिर चांदी ने बुधवार के शुरूआती कारोबार की तुलना में 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक की छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण देश के अलग अलग सराफा बाजारों में आज चांदी 4,09,800 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 4,25,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली सराफा बाजार में चांदी




कल के शुरूआती कारोबार की तुलना में 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गई। इस उछाल के कारण ये चमकीली धातु आज 2,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में चांदी 2,59,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 2,60,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।

वहीं बेंगलुरु में चांदी 2,60,400 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 2,60,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसके अलावा हैदराबाद में चांदी 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत आज भी चेन्नई में है, जहां ये चमकीली धातु आज 2,65,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

सराफा बाजार के विपरीत वायदा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज मई फ्यूचर वाले सोने ने 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,51,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। इसी तरह जून डिलीवरी वाली चांदी 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,36,104 रुपये प्रति किलोग्राम के साथ स्तर पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी में आज कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। कॉमेक्स पर सोना करीब 0.49 प्रतिशत गिरकर 4,753 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रहा था, जबकि चांदी करीब 1.68 प्रतिशत गिर कर 74.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि वैश्विक स्तर पर मची हलचल की वजह से सोना और चांदी की कीमत में भी लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। पश्चिम एशिया में सीजफायर की खबर आने के बाद बुधवार को दिन के कारोबार में सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख बना था, लेकिन आज सीजफायर को लेकर असमंजस की स्थिति बन जाने के कारण एक बार फिर वायदा बाजार में इन दोनों धातुओं के भाव में गिरावट का रुख बन गया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## भाजपा का घर-घर संपर्क अभियान, गंगा घाट पर सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर संपर्क अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने रूखड़घाट वार्ड में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। जनसंपर्क के दौरान मनोज जायसवाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीबों को आवास, आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज, कोविड काल में मुफ्त राशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कई कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ह्लसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्व के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है और हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, रामआसरे सरोज, पूर्व सभासद विनोद मौर्य, सभासद धीरज सोनकर, बाबूराम गुप्ता, ओम प्रकाश मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटकों को बचाने के लिए 'ऑपरेशन हिम सेतु' चलाया

**गंगटोक :** भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटकों को बचाने के लिए 'ऑपरेशन हिम सेतु' चलाया है। भूस्खलन के कारण उत्तरी सिक्किम में लाचेन और चुंगथांग के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गया है, जिससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ है। इस स्थिति के मद्देनजर भारतीय सेना की पूर्वी कमान के तहत त्रिशक्ति कोर ने 'ऑपरेशन हिम सेतु' के साथ तेजी से प्रतिक्रिया दी है, जिसका उद्देश्य पहुंच बहाल करना और फंसे हुए पर्यटकों को बचाना है। सेना के पीआरओ ने आज प्रेस बयान में कहा कि खराब मौसम और भारी बर्फबारी के बावजूद सैनिकों ने महत्वपूर्ण मार्ग खोले हैं और बचाव को संभव बनाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का संचालन किया है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), त्रिशक्ति कोर के सैनिकों के साथ समन्वय में लगातार सड़कों को साफ कर रहा है, बर्फ को साफ कर कठिन मौसम और इलाके में सड़क संपर्क बहाल कर रहा है। बचाव अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। अब तक 135 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 32 हल्के वाहनों और 10 मोटरसाइकिलों को भी निकाला गया है। बयान में कहा गया है कि भारतीय सेना, नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय में स्थिति के अनुसार मौके पर सहायता, स्वास्थ्य सेवा और निकासी प्रदान करने में सक्रिय रही है। वर्तमान में लगभग 1,000 पर्यटक लाचेन में हैं और उन्हें सुरक्षित रूप से निकाल्ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सेना के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारी पहली प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण है। हमारी टीम मौके पर ही सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।' कठिन और बर्फ से ढंके ऊंचे मार्गों पर नागरिक वाहनों को खींचने के लिए सेना के वाहनों का उपयोग किया गया है। स्वास्थ्य आपात स्थितियों के साथ-साथ सहायता की आवश्यकता वाले नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला गया है।

## कार ने मारी ई- रिक्शा में टक्कर, तीन स्कूली बच्चे घायल

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में तीन स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर- 39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि बीती रात को रोहित अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल निवासी सेक्टर 41 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरे तीन बच्चे लवानवी, रोनी और कविता खेतान स्कूल सेक्टर 40 से पढ़कर आठ अप्रैल को एक ई- रिक्शा में सवार होकर सेक्टर 41 स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी एक कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। इस घटना में उनके तीनों बच्चे और ई -रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मानसिक तनाव के चलते महिला ने की आत्महत्या

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली 31 वर्षीय महिला ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि श्वेता पत्नी अनिल कुमार (29 वर्ष) चोटपुर कॉलोनी में रहती थी। वह मूल रूप से जनपद कन्नौज की रहने वाली थी। उन्होंने बताया कि बीती रात को श्वेता ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

## मध्यप्रदेश से कंबाइन में चूरापोस्त व अफीम की तस्करी करता फतेहाबाद पुलिस ने दबोचा

**फतेहाबाद :** फतेहाबाद पुलिस की सीआईए टीम ने मध्य प्रदेश से पंजाब जा रही एक कंबाइन मशीन को रोककर उसमें छिपाई गई भारी मात्रा में अफीम और डोडा चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपी ड्राइवर ने नशे की खेप को कंबाइन के भीतर लोहे की पाइपों और कचरा निकालने वाली जगह पर बेहद शातिराना तरीके से छिपाया था। मिली जानकारी के अनुसार, एएसआई सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में सीआईए की टीम गुरूवार को नेशनल हाइवे 9 पर गांव धांगड़ के पास गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव फुलेड़ा का रहने वाला बलजीत सिंह अपनी कंबाइन मशीन लेकर मध्य प्रदेश में गेहूं की कटाई करने गया था। सूचना थी कि वह वापसी में भारी मात्रा में नशा लेकर फतेहाबाद के रास्ते पंजाब जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़ोपल फ्लाईओवर पर नाकाबंदी कर दी। कुछ ही समय बाद संदिग्ध कंबाइन वहां पहुंची, जिसे पुलिस टीम ने रुकवाकर चालक को काबू कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डीएसपी नरसिंह को मौके पर बुलाया और उनकी उपस्थिति में कंबाइन की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कंबाइन के पिछले हिस्से में, जहां से तूड़ा और कचरा निकलता है, वहां से एक कट्टा बरामद हुआ जिसमें 15 किलो 220 ग्राम डोडा चूरापोस्त भरा था। इसके अलावा कंबाइन में लगी लोहे की पाइप के भीतर छिपाकर रखा गया एक लिफाफा मिला, जिसमें से 722 ग्राम अफीम बरामद की गई।

# बेहतर प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ मानवता के भी प्रत्यक्ष उदाहरण हैं चतरा एसपी सुमित अग्रवाल



ज्योति पाठक

**चतरा** के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल चतरा जिला में पदस्थापना काल से लेकर अब तक अपराध नियंत्रण नक्सलियों की धर पकड़ मादक पदार्थों के तस्करी पर अंकुश के साथ-साथ चतरा जिला में पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर प्रगाढ़ संबंध बनाने में भी सफल रहे हैं । इसी का सार्थक परिणाम यह है कि इस जिले में पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर और मित्रता पूर्वक संबंध है। जिले के पुलिस कप्तान श्री अग्रवाल अपने व्यस्तता भरे दिनचर्या के बावजूद सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने में भरपूर योगदान देते हैं । इसी क्रम में वह रक्तदान करना भी अपने दायित्व का निर्वहन मानते हैं । वो रक्तदान करने के साथ-साथ लोगों को इस पुनीत कार्य करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित भी करते हैं। भारतीय पुलिस सेवा 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी सुमित कुमार अग्रवाल का मानना है कि बेहतर विधि व्यवस्था और जिला मे शांति व्यवस्था के साथ-साथ लोगों के बीच सामाजिक दायित्व का भी संचार हो इसके लिए रक्तदान कार्यक्रम में वह स्वयं उपस्थित होकर लोगों का उत्साह वर्धन करते हैं । पुलिस कप्तान का मानना है कि रक्त का नहीं है कोई विकल्प इसलिए हम ले यह संकल्प की रक्तदान कर जीवन रक्षा करने का दायित्व का हम पूर्ण निर्वहन करेंगे। ऐसे पुलिस अधीक्षक पर निश्चित जिला और विभाग दोनों को गर्व है।



## बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर घर लौट रही युवती पर जानलेवा हमला, युवक ने चाकू से शरीर पर किए कई वार, गंभीर

**चाईबासा** :जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक युवक ने ट्यूशन से घर लौट रही युवती पर जानलेवा हमला किया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई है।

**युवक ने चाकू से शरीर पर किए ताबड़तोड़ वार :** मामला जिले के नीमडीह कल्याणपुर मोहल्ले का है। बताया जा रहा है कि युवती रोज की तरह मोहल्ले में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने घर लौट रही थी। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात युवक ने उसपर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक युवक ने युवती के पेट, पीठ, सीना, गर्दन और हाथ पर लगातार चाकू से वार किया। युवक ने युवती के कम से कम 8 बार चाकू मारा।

**युवती गंभीर रूप से घायल:** हमला करने के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## झारखंड में लागू होगा स्वास्थ्य गारंटी कार्ड, 1200 चिकित्सकों की होगी नियुक्ति, एंबुलेंस भी कराई जाएंगी उपलब्ध



**रांची:** झारखंड सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए एक नई योजना की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य में जल्द ही 'स्वास्थ्य गारंटी कार्ड' लागू किया जाएगा। इसके तहत राज्य में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा, जिससे हर नागरिक को सुलभ और बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

राज्य में 247 नई एडवांस एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई जाएंगीः मंत्री ने कहा कि कई देशों में पहले से ऐसी सुविधा है। माता-पिता अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि अगर उनका बच्चा बीमार हो जाए तो उसका इलाज कैसे होगा। अब इस योजना से यह परेशानी खत्म हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह ऐलान विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया। उन्होंने बताया कि झारखंड ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) रैंकिंग में पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, राज्य में 1200 स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी और 7500 एएनएम व जीएनएम नर्सों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही, राज्य में 247 नई एडवांस एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मंत्री ने इस योजना को ऐतिहासिक बताया।

# रनिया-सोदे मुख्य पथ पर लोहा लदा ट्रेलर पलटा, उपचालक की मौत

## ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, चालक समेत दो घायल

संवाददाता

**रनिया (खूंटी), गुरुवारः** रनिया-सोदे मुख्य पथ पर रनिया थाना क्षेत्र के सरबो गांव के समीप घुमावदार एवं ढलान वाले रास्ते पर बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे एक लोहा लदा ट्रेलर ब्रेक फेल होने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में ट्रेलर के उपचालक विकास पटेल की वाहन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक विकास पटेल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला अंतर्गत कन्हाई थाना क्षेत्र के बारिकल गांव का निवासी बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार तथा तांबा पंचायत के पूर्व मुखिया एवं झामुमो नेता रोशन कंडुलना घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों के



सहयोग से ट्रेलर के अंदर फंसे चालक सचिन कुमार और अमर सिंह (प्रतापगढ़ निवासी) को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रनिया भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह ट्रेलर पश्चिम बंगाल से लोहा का रोल लेकर नागपुर जा रहा था। इसी दौरान सरबो गांव के पास खतरनाक मोड़ और ढलान पर ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, मृतक उपचालक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को खूंटी सदर अस्पताल में कराया जाएगा। गौरतलब है कि इसी स्थल पर एक सप्ताह पहले, 2 अप्रैल को, चावल लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस हादसे में सोदे निवासी दो सगे भाइयों बाबर खान और शाहनवाज खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण यह मार्ग एक बार फिर सुरक्षा और सड़क व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरबो गांव के पास स्थित यह घुमावदार और ढलान वाला रास्ता लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, लेकिन अब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

### चेक बाउंस संबंधी मामलों के निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत 25 को

# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालतः जिला जज

विनय मिश्रा

**चाईबासाः** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा मोहम्मद शाकिर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आगामी 25 अप्रैल को एन आई एक्ट मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत और 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ।

जिला जज ने लीड बैंक के अधिकारियों सहित सभी बैंक अधिकारियों को विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने ऐसे मामलों मे आम जनों को इस आयोजन से लाभ दिलाने की अपील की, उन्होंने संबंधित विभागों और इससे जुड़े पदाधिकारियों को इस हेतु निर्देशित



किया की इस विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराएं और वैसे मामले जिसमें मध्यस्थता की आवश्यकता हो उन्हें निष्पादन के लिए प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करें।

ज्ञात हो कि 20 से 24 अप्रैल तक इस से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा और निष्पादन के लिए प्री सीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। 25 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, लोगो से अपील है कि वे अपने इस से संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क करें और इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने दी।



## उप महापौर ने की उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात

**देवघरः** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा से बुधवार को देवघर नगर निगम की उपमहापौर टीप चटर्जी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उपमहापौर ने उपायुक्त को एक औपचारिक प्रस्ताव सौंपा, जिसमें ढरव२ के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी उरफमद से शहर के विभिन्न वार्डों में 50 नई जलमीनारों के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रदान किया गया।

इसके अलावा मुलाकात के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगे उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और पेयजल समस्या के निदान हेतु जो भी आवश्यक और बेहतर तकनीकी व्यवस्था होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।

### तीन वर्षों के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा को लेकर जिला स्तरीय टीम का गठन

# उपायुक्त ने स्वयं पहुंचकर किया औचक निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा- निर्देश



**दुमकाः** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा अंचल कार्यालय, दुमका में विगत तीन वर्षों के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में संचालित समीक्षा कार्य के दौरान उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्वयं पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तथा अद्यतन प्रतिवेदन की जांच की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने कार्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कर्मियों की कर्म-पुस्तिका, आगत एवं निर्गत पंजी की अद्यतन स्थिति, परिवारवाद पत्रों के निष्पादन, नजारत, रोकड़ बही, अग्रिम भुगतान पंजी, विपत्र उपयोगिता प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) की स्थिति, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र, वंशावली आदि से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने गठित टीम को निर्देश दिया कि जिन कर्मियों का कार्य अद्यतन नहीं है, उन्हें चिन्हित किया जाए तथा जिन कार्यों में आंशिक सुधार की आवश्यकता है, उन्हें समुचित मार्गदर्शन देकर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोई भी चापानल खराब स्थिति में नहीं रहना चाहिए तथा इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

इसके उपरांत उपायुक्त श्री सिन्हा ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया तथा प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित पालना घर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री सिन्हा ने प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मईया आजीविका सिलाई केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है।

मौके पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, अंचल अधिकारी दुमका सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनगणना देश के समग्र व संतुलित विकास का आधारः उपायुक्त



**देवघरः** जिले के उपायुक्त-सह-प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में भारत की जनगणना, 2027 को लेकर बुधवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि भारत के जनगणना 2027 के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए फिल्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से शुरू किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई की 44 फिल्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षित किया जाना है, जो सभी प्रखण्डों, नगर परिषद, मधुपुर के चार्जों में सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही 44 फिल्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण दो बेचों में तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम बैच में 24 फिल्ड ट्रेनरों को दिनांक 08 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक एवं द्वितीय बैच में 20 फिल्ड ट्रेनरों को दिनांक 11 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक दिया जाना है। इसके अलावा सभी फिल्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत संबंधित चार्जों में जाकर प्रगणकों एवं पर्यवक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे तथा समय सीमा के अन्दर कार्य को पूर्ण करने का आदेश किया गया। आगे उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि जनगणना देश के समग्र एवं संतुलित विकास का आधार है। जनगणना के माध्यम से सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े ही सरकार को जनहितकारी योजनाओं के निर्माण संसाधनों का न्याय संगत वितरण तथा निति निर्धारण के प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होते हैं। आगे प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक द्वारा डिजिटल डेटा संकलन और गणना की आधुनिक प्रणालियों से संबंधित विस्तृत जानकारी सभी को प्रदान की गई।

बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, तकनीकी प्रशिक्षक और संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।